राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 354 लखनऊ, सोमवार 18 अगस्त, 2025

पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00

लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत-नेपाल सीमा पर जब्त की गई 70 बोरी उर्वरक 04

योगी का लोक प्रशासन मॉडल, जो हर राज्य के लिए हो सकता है आदर्श 06


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,01,550/ |
| 22 कैरेट | = | 93,100/ |
| 18 कैरेट | = | 76,180/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,15,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**देश की पांच कंपनियों के मार्केट कैप में 60 हजार करोड़ की बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 5 कंपनियों के मार्केट कैप में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इनमें सबसे अधिक फायदा भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 5 कंपनी के मार्केट कैप में इस सप्ताह 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान भारतीय जीवन बीमा निगम को हुआ। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान टॉप 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के मार्केट कैप में 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

**भाऊ गिरोह ने की एल्विश यादव के घर के बाहर फायरिंग**

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम सेक्टर 57 में स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह दो नकाबपोश हमलावरों ने दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी, जिसमें दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश घर के बाहर आते और दूर से गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं। कुछ सेकंड बाद, उनमें से एक मुख्य द्वार पर झुका और गोलियां चलाता रहा, फिर दोनों भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई और उस वक्त एल्विश यादव घर पर नहीं थे हालांकि उनके परिवार के कुछ सदस्य घर में थे लेकिन हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच, भाऊ गिरोह ने गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है।

**यूरोप की सबसे ऊंची चोटी एल्ब्रुस पर गूंजा जय श्रीराम**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रेवाड़ी के रहने वाले पर्वतारोही नरेंद्र यादव ने एक बार फिर भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने 15 अगस्त को सुबह 9.15 बजे यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। चोटी पर पहुंचते ही उन्होंने जय श्री राम और भारत माता की जय का उद्घोष किया। यह माउंट एल्ब्रुस पर उनकी तीसरी चढ़ाई थी और इस उपलब्धि के साथ वह इस चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह उनके नाम 24वां विश्व रिकॉर्ड है। माउंट एल्ब्रुस, जो काकेशस पर्वत श्रेणी का हिस्सा है, समुद्र तल से 18,150 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

**राम मंदिर में आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत ने किया दर्शन**

**अयोध्या।** रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने रविवार को परिजनों संग श्री राम जन्मभूमि में श्रीराम लला का दर्शन पूजन किया और कुबेर टीला पहुंच कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य डा अनिल मिश्र, राम मंदिर व्यवस्थापक गोपाल राव ने सभी का स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी में 11,000 करोड़ रुपए की दो बड़ी सड़कों का उद्घाटन करते हुए कहा

# नई सड़कें कनेक्टिविटी को देंगी नई दिशा

**▶ दिल्ली की सीएम ने राजधानी को मिली तमाम सौगातों के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की लागत वाली दो अहम राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, एलजी वीके सक्सेना, केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा और हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री मोदी को चंदन की लकड़ी से बनी राधा कृष्ण की मूर्ति देकर स्वागत किया। इसके बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए दिल्ली को मिली तमाम सौगातों के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत के अग्रणी बनने के लिए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने स्वदेशी तकनीक के उन्नत विकास का श्रेय भी पीएम मोदी को दिया। पहली राजमार्ग परियोजना द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली का हिस्सा है। यह राजमार्ग 10.1 किलोमीटर लंबा है और इसे बनाने में करीब 5,360 करोड़ रुपये लगे हैं। यह राजमार्ग यशोभूमि, मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइन, आने वाला बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका बस डिपो से जुड़ता है। इसका एक हिस्सा शिव मूर्ति चौराहे से द्वारका सेक्टर-21 तक और दूसरा हिस्सा द्वारका सेक्टर-21 से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक बना है। इसका हरियाणा वाला हिस्सा मार्च 2024 में पहले ही शुरू हो चुका है। दूसरी राजमार्ग परियोजना शहरी विस्तार सड़क-II (यूईआर-II) है, जो अलीपुर से ढिंचाऊ कलां तक जाती है। यह राजमार्ग 33 किलोमीटर लंबा है और इसे बनाने में करीब 5,580 करोड़ रुपये लगे हैं। यह सड़क दिल्ली को बहादुरगढ़ और सोनीपत से जोड़ती है।

**पीएम 22 को औंटा घाट-सिमरिया 6 लेन गंगा ब्रिज का करेंगे उद्घाटन**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 22 अगस्त को अपने बिहार दौरे के दौरान औंटा घाट-सिमरिया छह (06) लेन गंगा पुल (ब्रिज) का उद्घाटन करेंगे। विकासशील बिहार का प्रतीक यह पुल मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया को जोड़ेगा। औंटा-सिमरिया पुल की लम्बाई 1.865 किलोमीटर है। पहुंच पथ सहित परियोजना की कुल लंबाई 8.150 किलोमीटर है। परियोजना की कुल लागत 1,871 करोड़ रूपये है। इस पुल के बन जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार की संपर्कता में व्यापक सुधार होगा। यहां पहले से मात्र दो (02) लेन का रेल-सह-सड़क पुल राजेंद्र सेतु (सड़क-सह-रेल पुल) था, जिसका शिलान्यास देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने वर्ष 1956 में किया था, जबकि उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राज्य के पहले मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह ने वर्ष 1959 में किया था।पिछले 70 वर्षों में यातायात में हुई वृद्धि के फलस्वरूप यह पुल अब आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम नहीं रहा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी, जिसके अंतर्गत औंटा घाट से सिमरिया के बीच छह लेन नए गंगा ब्रिज के निर्माण की योजना शामिल थी।

## सात दिन में हलफनामा दें या देश से माफी मांगें राहुल गांधी

**▶ चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता के वोट चोरी के आरोपों का किया खंडन**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उनके वोट चोरी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वे 7 दिन में हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। उनकी ओर से लगाए गए आरोपों का आयोग बिना हलफनाने के जवाब नहीं देगा। साथ ही चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में त्रुटियां होना फर्जी मतदान नहीं होता। दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया। साथ ही उन्होंने बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों पर भी अपना पक्ष रखा।

चुनाव आयोग को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि उन्हें या तो हलफनामा देना होगा या देश से माफ़ी मांगनी होगी। कोई तीसरा विकल्प नहीं है। अगर 7 दिनों के अंदर हलफनामा नहीं मिलता है, तो इसका मतलब है कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक बात स्पष्ट की कि मतदाता सूची को त्रुटि रहित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची में त्रुटियां होना फर्जी मतदान या गलत मतदान की ओर संकेत नहीं करता। मतदाता सूची में त्रुटियों का होना सामान्य है, क्योंकि यह विकेंद्रीकृत प्रक्रिया के तहत बहुत बड़े स्तर पर तैयार होती है।

**बिहार में वोट चोरी का सपना पूरा नहीं होने देंगे : राहुल गांधी**

**सासाराम, बिहार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी महाराष्ट्र तथा कर्नाटक की तरह वोट चोरी की साजिश हो रही है लेकिन अब वह जनता को जगाने के लिए सड़क पर आ गए हैं और इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा। श्री गांधी ने बिहार के सासाराम में रविवार को वोटर अधिकार यात्रा शुरु करने से पहले आयोजित विशाल जन समारोह संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार में वोटों की चोरी करने की साजिश है और इसके लिए मतदाता सूची के (एसआईआर) का काम चुनाव आयोग के साथ मिलकर शुरू किया जा चुका है। उनका कहना था कि इस यात्रा से जनता को जागृत कर वह भाजपा के षड्यंत्र पर पानी फेरने का काम करेंगे।

## नगर निगम कार्यकारिणी में छह सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

समृद्धि न्यूज

**▶ भाजपा से 5, सपा से एक पार्षद सदस्य बना, 78 दिन बाद हुआ इलेक्शन**

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव 78 दिन बाद आज संपन्न हो गए। भाजपा की ओर से 5 और सपा से 1 पार्षद निर्विरोध चुन लिए गए। 6 पदों पर 6 पार्षदों ने ही नामांकन किया था। अब कार्यकारिणी के नए सदस्य राजेश सिंह गब्बर, पृथ्वी गुप्ता, संदीप शर्मा, अरुण कुमार राय, पिंकी रावत और राम नरेश चौरसिया हैं।

मेयर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर के बीच हुए तकरार के चलते अंतिम नामों पर मुहर नहीं लग पा रही थी। शनिवार को भाजपा महानगर संगठन की तरफ से 5 पार्षदों के नाम फाइनल कर दिए गए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने नामों की घोषणा की। भाजपा से राजेश सिंह गब्बर, पृथ्वी गुप्ता, संदीप शर्मा, अरुण कुमार राय, पिंकी रावत और सपा से राम नरेश चौरसिया ने नामांकन किया। इन्हें ही सदस्य चुन लिया गया। 12 सदस्यीय कार्यकारिणी के छह सदस्य गत 1 जून को रिटायर हो चुके थे। इसके बाद से लगातार भाजपा नामों को फाइनल करने के लिए अंतर्कलह से जूझ रही थी। कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता के मंच पर बैठने का विरोध कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने किया। इस दौरान भाजपा पार्षद देव शर्मा मुन्ना मिश्रा ने भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी अब भंग हो चुकी है।

## कठुआ में बारिश के बाद आई बाढ़ में सात की मौत

एजेंसी



**▶ घरों व अन्य बुनियादी ढांचों के साथ ट्रैक व जम्मू-कठुआ राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी पहुंचा नुकसान**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग-घाटी इलाके में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में रविवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले में रात भर हुयी भारी बारिश के कारण सुबह अचानक बाढ़ आ गयी। इस त्रासदी के कारण जिले के कुछ हिस्सों में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

उन्होंने कहा, घाटी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में भी बादल फटने की भी खबरें हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे घरों और अन्य बुनियादी ढाँचों को नुकसान पहुँचा। इसके अलावा, जंगलोट और आसपास के इलाकों में रेलवे ट्रैक और जम्मू-कठुआ राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुँचा है। उन्होंने कहा, सड़कों पर पानी भर गया है और बाढ़ का पानी पुराने कठुआ शहर के कई घरों में भी घुस गया है। पुलिस और सेना की टीमों के साथ-साथ एसडीआरएफ को भी बचाव अभियान में लगाया गया है और प्रभावित परिवारों तक पहुँचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है। घायलों को अस्पताल पहुँचाया जा रहा है, और उन्हें निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कठुआ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल चरक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसडीआरएफ और सीआरपीएफ के जवानों की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और जंगलोट के भांगर गांव के दिलवाने इलाके में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। यहां एक मां बेटी की इस आपदा में मौत हो गई है। पुलिस, सेना और एसडीआरएफ ने कठुआ के राजबाग के जोडे इलाके में प्रभावित परिवारों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है।

**चुनाव आयोग के साहसी कदम पर टिका है कई पीढ़ियों का भविष्य**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा,''चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। सपा प्रमुख ने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा।

**विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में डाक टिकट जारी करेंगे शाह**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को बताया कि 1925 में ही विट्ठल भाई पटेल केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष हुए थे। यह उसका शताब्दी वर्ष है। इस उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी किया जाएगा। 24 अगस्त को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह यह डाक टिकट जारी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहेंगे। संचार मंत्रालय एवं इंडिया पोस्ट के सहयोग से जारी होने वाला यह विशेष डाक टिकट विट्ठलभाई पटेल की महान संसदीय विरासत और उनके असाधारण योगदान को राष्ट्र की ओर से शताब्दी श्रद्धांजलि स्वरूप प्रस्तुत करेगा। विजेन्द्र गुप्ता की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह विमोचन विट्ठलभाई झावेरभाई पटेल के दूरदर्शी संसदीय योगदान और राष्ट्र-निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका के सम्मान में किया जा रहा है।

## रूस और यूक्रेन संघर्ष खत्म करने की राह आसान नहीं : मार्को रुबियो

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका समाधान तलाशने की कोशिशें जारी रखेगा, लेकिन यह संभव होना मुश्किल है। उन्होंने रविवार को सीबीएस चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा,अगर शांति संभव नहीं होती और यह युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है, तो हजारों लोगों की जान जाती रहेगी... हम नहीं चाहते कि हालात उस दिशा में जाएं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हो सकता है।

इसी बीच यूरोपीय नेताओं के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सोमवार को वॉशिंगटन पहुंचेंगे। यहां उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी। माना जा रहा है कि यह वार्ता ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को हुई बातचीत के बाद की कड़ी है। ट्रंप लगातार यूक्रेन पर त्वरित शांति समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पुतिन और ट्रंप की बैठक में रूस द्वारा कब्जाए गए छोटे क्षेत्रों को छोड़ने के बदले यूक्रेन से पूर्वी हिस्से की कुछ किलेबंद जमीन त्यागने और बाकी मोर्चों पर स्थिति को स्थिर करने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा हुई। रुबियो ने यह भी कहा कि यदि कोई शांति समझौता होता है, तो दोनों पक्षों को कुछ न कुछ रियायतें देनी होंगी। साथ ही सुरक्षा गारंटी जैसे अहम मुद्दे भी एजेंडे में शामिल होंगे।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए ने सीपी राधाकृष्णन को बनाया उम्मीदवार**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल के पद पर आसीन राधाकृष्णन को लेकर यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की एक अहम बैठक में लिया गया। जेपी नड्डा ने इस फैसले की घोषणा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए की। सीपी राधाकृष्णन 21 अगस्त 2025 को अपना नामांकन दाखिल करेंग। उनके नामांकन के समय एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे, जिससे यह स्पष्ट है कि एनडीए इस चुनाव को पूरी गंभीरता और एकजुटता के साथ लड़ने जा रहा है।

**तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को डॉ. अनीता रंजन ने किया सम्मानित**





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 17 अगस्त दिन रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में श्रीवास्तव कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से आयोजित लखनऊ स्कूल क्लब तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 95 लड़के व 75 लड़कियों सहित कुल 170 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नवाबगंज फर्रुखाबाद की ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु की स्वदेश वापसी, एयरपोर्ट पर स्वागत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अमेरिका से रविवार तड़के भारत लौटने पर गर्मजोशी भरा स्वागत किया गया। उनके साथ गगनयान मिशन के बैकअप अंतरिक्ष यात्री प्रशांत बालकृष्णन नायर भी लौटे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने शुभांशु और नायर का स्वागत किया।

शुभांशु शुक्ला की स्वदेश वापसी को लेकर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा-भारत का अंतरिक्ष गौरव भारतीय धरती को छू गया क्योंकि भारत माता के प्रतिष्ठित सपूत, गगनयात्री शुभांशु शुक्ला आज तड़के सुबह दिल्ली पहुंचे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभांशु शुक्ला की स्वदेश वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए इससे जुड़ी तस्वीरें साझा की हैं। माना जा रहा है कि शुभांशु शुक्ला आज प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने के बाद अपने गृहनगर लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

**लोकार्पण** | **गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया यूपी के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण**

## प्रचुर जल संसाधन होने से यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की व्यापक संभावना

समृद्धि न्यूज




**गोरखपुर।** यूपी की योगी सरकार प्रदेश के 16 अन्य जनपदों में ग्रुप द्वारा पीएनजी के माध्यम से रसोई गैस उपलब्ध करा रही है। इसके तहत मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में यूपी के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हमारे पास पाईप से पेयजल के साथ पाईप से रसोई गैस भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है।

पाईप से गैस की आपूर्ति पीएम मोदी की एक महत्वाकांक्षी योजना है जो विकसित भारत की संकल्पना को सुदृढ़ कर रही है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि आज पूरा देश सीएम योगी के विकास और कल्याण के विजन को देख रहा है। यूपी का कानून व्यवस्था और नीतिगत आधार पर उन्होंने ऐसा कायाकल्प किया कि देश और दुनिया के निवेशक यूपी में निवेश को तत्पर हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि गोरखपुर में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट ग्रीन एनर्जी की क्रांति का संवाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में बदहाल और बदनाम रहा गोरखपुर अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच से प्रदेश पूरे देश में चमक रहा है। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, उद्योग, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। इस अवसर पर टोरेंट समूह के निदेशक जिनल मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेशकों के लिए यूपी में रेड टेप नहीं सिर्फ रेड कार्पेट है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रगति की है। उनके नेतृत्व में यूपी का लॉ एंड ऑर्डर सुदृढ़ हुआ है और कारोबारी सुगमता बढ़ी है। टोरेंट ग्रुप को उत्तर प्रदेश में साढ़े आठ साल में कहीं भी लाल फीताशाही का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में टोरेंट का ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट न सिर्फ यूपी का पहला प्लांट है बल्कि देश के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।

कार्यक्रम में विधायक विपिन सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास, टोरेंट गैस के निदेशक मनोज जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, प्लांट का भी किया निरीक्षण**

# भारत-नेपाल सीमा पर जब्त की गई 70 बोरी उर्वरक

**डीएम की सख्ती का असर, चार ऑटो हुए सीज, अभियुक्तों को भेजा जेल**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कृषि विभाग की सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व एस.एस.बी. संयुक्त टीम द्वारा लौकाही क्षेत्र में गश्त के दौरान लखीमपुर खीरी से लाकर बहराइच के जरिए नेपाल भेजने की फिराक में ड्राइवर सहित चार ऑटो तथा चारो आटो पर लदी हुई 70 बोरी उर्वरक को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। चारों आटो ड्राइवर लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं। ड्राइवर द्वारा बताया गया कि यह उर्वरक लखीमपुर खीरी से लायी जा रही थी।

पुलिस द्वारा चारों आटो को सीज़ करने के साथ-साथ सभी चारों अभियुक्तों को जेल में भेज दिया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के कृषकों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से कृषि, पुलिस व एसएसबी टीम के समन्वय से हुई कार्रवाई में 70 बोरी उर्वरक को सीज़ किया गया है।

डॉ. यादव ने बताया कि डीएम के अनुमोदनोपरान्त थाना मोतीपुर में सभी अभियुक्तों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है साथ ही बरामद उर्वरक को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार पुलिस व एसएसबी की टीमें लगातार सीमा पर नजर रख रही है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित उर्वरक दुकानों के स्टाक व बिक्री की नियमित जांच की जा रही है। पुराना स्टॉक खत्म होने पर ही दूसरी खाद की आपूर्ति की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने किसानों से अपील की है कि वह आवश्यकतानुसार ही यूरिया क्रय करें। थाना मोतीपुर क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की अधिक संभावना को देखते हुए लगातार छापामारी की कार्यवाही जारी रहेगी।

दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि ई पास मशीन के साथ ही नियमानुसार खाद की बिक्री करें। गाइडलाइन के विपरीत पाए जाने पर संबंधित पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने से अवांछित कार्य में सम्मिलित व्यक्तियों में हड़कंप मच गया है। डॉ. यादव ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया है कि यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता या व्यक्ति उर्वरक तस्करी में सम्मिलित, पाया जाता है, तो इसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, उर्वरक नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं उर्वरक परिसंचरण अधिनियम 1973 में निहित प्रविधानों के अनुसार मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## पुलिस के विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**पिटाई करने का आरोप, चौकी इंचार्ज**

बहराइच समृद्धि न्यूज़ पयागपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की कथित ज्यादती के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बिलरवा चौराहे पर सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज अमरनाथ और अन्य पुलिसकर्मियों ने रात में मुने नामक व्यक्ति की बिना कारण पिटाई की। प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे तक सड़क जाम रखा और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी रमेश पांडे को सौंपी गई है।

# शान से फहराया गया तिरंगा, स्कूलों में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** देश की आजादी का जश्न 15 अगस्त को जिले भर में मनाया गया। स्कूलों के साथ सरकारी भवनों में तिरंगा फहराकर सभी ने देश की आजादी का जश्न मनाया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने झंडा रोहन किया। पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तिरंगा को सलामी दी। शहर के बालिका विहान विद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी रहे। उन्होंने झंडा फहराया। इसके बाद विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बालिकाओं को देश की आजादी के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षिका श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, भू रत्न प्रभा श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मौजूद रहे। उधर हुजूरपुर विकासखंड के बीएसएस पब्लिक स्कूल में गणतंत्रा दिवस के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने झंडा रोहण किया कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी एवं पौधारोपण का भी आयोजन हुआ। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने देश की आजादी के बारे में बताया। कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर वर्मा ने भी संबोधन किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव, उप कृषि निदेशक विनय वर्मा ने भी संबोधन किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक वायोजक चंद्रशेखर सिंह आजाद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयशेखर सिंह, अंजनी मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, डायरेक्टर विक्रांत सिंह, अनुराग सिंह मनोज सिंह, प्रधान संजय सिंह, बबलू मिंटू सिंह, अमरनाथ निषाद, सुधीर निषाद, भारत सिंह, डॉक्टर महेंद्र पाठक, हरेंद्र विक्रम सिंह ललित सिंह सत्येंद्र सिंह व क्षेत्र के ग्राम प्रधान और क्षेत्र बताएं सदस्य समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सेंट पॉल्स कॉलेज में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ (कैंट) में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी, 67 यूपी बटालियन एनसीसी तथा विद्यालय के पूर्व छात्र रहे।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सीनियर कैंपस के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। समारोह का मुख्य आकर्षण था आईसीएसई और आईएससी वर्ग के मेधावी छात्रों का सम्मान। विशेष पुरस्कार इस प्रकार रहे– प्रभात जैन ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ छात्र – आईएससी) : शर्व गर्ग, पंकज अवस्थी ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ छात्र – आइसीएसई) : अलीना हयात नवेंदु जैन ट्रॉफी (जीनियस ऑफ द ईयर) : स्वयत्त मौर्य पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि तथा सेंट पॉल्स एलुमनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा किया गए। इसमें आशीष यादव (अध्यक्ष), रवि सेठ (उपाध्यक्ष), मनप्रीत सिंह (सचिव) तथा वरिष्ठ एलुमनाई सदस्य अभिलाषा त्रिपाठी, हनीश पहूजा, आशीष गुप्ता, प्रतीक सिंह और दलजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य रेव. फादर तेज प्रकाश बारा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर हुआ। यह दिवस एकता, अनुशासन और पॉलाइट भावना का गौरवपूर्ण प्रतीक बना।

### वितरकों ने ध्वजारोहरण के साथ मनाया आजादी का 79वां जश्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को चौक डिपो समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वावधान में 79वां स्वतंत्रता गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी वितरक भाइयों ने बड़े हर्ष उल्लास से ध्वजारोहण का कार्यक्रम मनाया। इस मौके पर श्री चंद्र बहादुर सिंह (पार्षद) एवं आचार्य राजेश शुक्ला, वैदिक कार्तिक शुक्ला, रिद्धि किशोर गौड़, अंकुर दिक्षित, ओम शुक्ला व चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, द्वारा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर चौक डिपो के वितरक संजय अवस्थी, दिनेश चंद्र कश्यप, सिराज अहमद, सोनू सिंह, गोपाल नाथ शर्मा, हरिओम, रमेश कुमार, राजेंद्र सिंह, सूरज साहू, ज्ञानेंद्र सिंह, रितिक यादव, पंकज बाजपेई, रोहित, गोविंदा, राजेश एवं चौक के सेंटर इंचार्ज व सेल्समेन आदि उपस्थित रहे।

### पंडित अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर अमराई ककरहवा चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। यह कार्यक्रम मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार शुक्ला के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ। सभा में मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम, महामंत्री प्रमोद शुक्ला, मंडल मंत्री व आईटी संयोजक अंकित सिंह, बूथ अध्यक्ष अन्नू दुबे, बृज कुमार तिवारी (दद्दू तिवारी), समर्थक कैलाशनाथ शुक्ला, शांतनु शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, दीन बंधु लोधी, मधुकर शुक्ला, गुड्डू मिश्र, गौतम शुक्ला, पंचराम चौधरी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और कहा — अटल जी भारतीय राजनीति के सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे

### मदरलैंड पब्लिक स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम



**बलरामपुर।** कल 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर विशुनीपुर निकट केमिकल फैक्ट्री बलरामपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कला प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय फल आम, राष्ट्रीय झंडा तिरंगा, राष्ट्रीय फूल कमल, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय प्रतीक था । विद्यालय में झंडारोहण के बाद बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के बाद एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों के बारे में प्रधानाचार्य अतुल गौरव ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रुद्र बहादुर सिंह तथा कार्यक्रम संपन्न कराने में कल्पना कश्यप, आराधना मिश्रा, सुमन वर्मा, अनीता वर्मा, काजल पांडे, गुड़िया साहू, मंजू सोनकर आदि अध्यापक अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सादुल्लानगर में भव्य तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सादुल्लनगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता, रमेश चंद्र तिवारी व दीपचंद्र जायसवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता ने किया। संचालन महामंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेहरा बाजार ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान,यूपी सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख,राम करन मिश्र उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा सादुल्लनगर डाक बंगले से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई पुनः डाक बंगले पर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान भारत माता के जयघोष और हिन्दुस्तान जिंदाबाद की आवाज बुलंद करते हुए लोग हाथ में तिरंगा लेकर आगे बढ़ रहें थे। ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा कि तिरंगा यात्रा से देश की आजादी की लड़ाई में बलिदानियों के गौरव गाथा को याद किया जाता है ।बलिदानियों को याद कर उनको नमन करने के साथ देशभक्ति का जोश जन - जन में भरने का काम कर रहे हैं। सम्मानित करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गयी।देश की सेना हमारी शान है ।आपरेशन सिन्दूर ने सभी देशवासियों को गौरवान्वित किया है ।

महामंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा भारत माता की एकता और अखंडता का प्रतीक है तथा हम सभी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। इस अवसर पर रमेश चंद्र तिवारी, अवधेश कुमर उपाध्याय प्रधान, अतुल कुमार उपाध्याय प्रधान, प्रधान रमेश कुमार गुप्ता,सुधाकर सिंह प्रधान, काशिफ प्रधान,अजय श्रीवास्तव प्रधान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम जी वर्मा, अरविन्द तिवारी, राममूरत प्रजापति, दीपचंद, आन्नद कुमार ओझा,बजरंगी यादव, रमेश जायसवाल, अजय कुमार गुप्ता, जग प्रसाद गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुड़िया वर्मा, सीमा वर्मा, ममता श्रीवास्तव, पूजा भारती व शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित हजारों लोगों ने भाग लिया।

# गांवों में बढ़ा चोरों का आतंक, ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की

समृद्धि न्यूज

**प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने गश्त बढ़ाने का दिया आश्वासन**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जंगल के समीप बसे गांवों में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। हालात यह हैं कि रात-रात भर लोग जागकर अपनी सुरक्षा खुद कर रहे हैं। ग्राम सभा पूनर्भग्रंट के अंतर्गत आने वाले भवानीगंज, नौतला, डल्लापुरवा, गदियाँना, गल्ला मंडी के पीछे की बस्ती, तथा नई बस्ती जिन्दबाबा कॉलोनी जैसे गांवों में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस संबंध में ग्राम भवानीगंज निवासी आदेश ठाकुर, जो कि भाजपा लखीमपुर के पिछड़ा मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य भी हैं, ने थाना गोला के प्रभारी निरीक्षक को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

आदेश ठाकुर ने बताया कि गांवों की भौगोलिक स्थिति जंगल के समीप होने के कारण चोरों के लिए यह क्षेत्र सुरक्षित अड्डा बनता जा रहा है। हाल के दिनों में कई संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर भी कुछ पहल की गई है। ग्राम पंचायत सचिव के प्रयासों से ग्राम भवानीगंज की गलियों में कुछ पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगवाई गई हैं, जिससे अंधेरे की समस्या कुछ हद तक कम हुई है। हालांकि अभी भी कई स्थानों पर लाइट लगनी बाकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि रात्रिकालीन पुलिस गश्त को नियमित और प्रभावी बनाया जाए ताकि चोरों पर लगाम लगाई जा सके और गांवों में शांति का माहौल बहाल हो। मामले में प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है और जल्द ही पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी।

## तिरंगे की शान में धौरहरा सराबोर, उमड़ा देशभक्ति का जोश

**ईसानगर खीरी।** 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को पूरे धौरहरा तहसील क्षेत्र में बड़े उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण हुआ, लड्डू बांटे गए और आज़ादी के अमर बलिदानियों को नमन किया गया। ईसानगर विकास खंड में ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ने कहा तिरंगा हमारी पहचान व शान है, जबकि खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद कर देश निर्माण में योगदान का आह्वान किया। बी पैक्स हसनापुर में अध्यक्ष सुनील कुमार दीक्षित ने कहा ग्रामीणों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाना ही सच्ची देश सेवा है। वहीं बी पैक्स लाखुन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश वर्मा, बृजमोहन पांडे और सचिव प्रतिनिधि सनी बाजपेई ने तिरंगे के संदेश और युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। धौरहरा तहसील में विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा हमें धौरहरा को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

## इंडिपेंडेंट डे फुटबॉल मानसून कप में राइजिंग फ्लैम ने पेनाल्टी शूटआउट में जीता खिताब

समृद्धि न्यूज



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** इंडिपेंडेंट डे फुटबॉल मानसून कप में राइजिंग फ्लैम एफसी ने पेनाल्टी शूटआउट में जीता खिताब। एजी हाशमी इंटर कॉलेज खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इंडिपेंडेंट डे फुटबॉल मानसून कप का फाइनल मुकाबला शनिवार को रोमांच और जोश से भरपूर रहा। निर्णायक मुकाबले में राइजिंग फ्लैम एफसी, गौरा चौकी (गोंडा) ने मेजबान अवध यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, सादुल्लानगर को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

निर्धारित समय में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-3 गोल दागे। मैच में एक-एक गोल कर बढ़त बनाने की कोशिश में दोनों पक्षों के खिलाड़ी लगातार आक्रामक रहे, लेकिन समय समाप्त होने पर स्कोर बराबर रहा। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में राइजिंग फ्लैम एफसी ने बेहतरीन संयम और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत हासिल की। विजेता टीम के कप्तान अहमान ने पूरी टीम का नेतृत्व शानदार ढंग से किया और निर्णायक पलों में साथी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं उपविजेता अवध यूनाइटेड क्लब के खिलाड़ियों ने भी दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कलीम युसुफ और शमीम युसुफ के संयोजन में किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि मोहम्मद युसुफ ने विजेता टीम राइजिंग फ्लैम एफसी और उपविजेता अवध यूनाइटेड को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। फाइनल मैच के दौरान खेल मैदान पर सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मैच के दौरान खेल भावना, टीम वर्क और जीत के जज़्बे का शानदार नजारा देखने को मिला।

## मीरपुर में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर ।** मीरपुर विकास खंड रेहरा बाज़ार के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की गूंज ने पूरे विद्यालय प्रांगण को देशभक्ति के माहौल में सराबोर कर दिया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। देशभक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज प्रधान संघ के संयोजक व ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी तथा विशेष अतिथि के रूप में भारतीय प्रगतिशील छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुरशीद काज़मी मौजूद रहे। विद्यालय के शिक्षकगण और ग्रामवासी भी बड़ी संख्या में समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के गौरव और बलिदान की याद दिलाता है।

# मितौली में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

समृद्धि न्यूज



**मितौली (खीरी)।** तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक प्रतीक्षा त्रिपाठी ने प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत तहसील सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में करनपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजबहादुर मिश्र के परिजन संतोष मिश्रा एडवोकेट, शहीद राज नारायण मिश्र के भतीजे दीपू मिश्रा, कस्ता निवासी सेनानी बनवारी लाल शुक्ल के परिजन रमेश चंद्र शुक्ला एवं अबगवां निवासी सेनानी परमेश्वर दीन अवस्थी के सुपुत्र शामिल रहे। विकासखंड मितौली मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने ध्वजारोहण कर स्टाफ को मिष्ठान वितरण किया। कोतवाली मितौली में प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने ध्वज फहराया। इसी प्रकार साई हॉस्पिटल में प्रदीप शुक्ला, केएसएम इंटर कॉलेज में विद्यालय प्राचार्य, तथा राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज में प्रबंधक बलबीर सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यालयों के बच्चों ने प्रभात फेरियां निकालीं।

आदर्श इंटर कॉलेज मितौली में प्राचार्य राजकुमार शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद बच्चों की प्रभात फेरी को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का कार्य प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने किया।

कस्ता जिला पंचायत इंटर कॉलेज, राधे रमण सोना देवी सरस्वती विद्या मंदिर, कैरियर कान्वेंट स्कूल कस्ता आदि संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर प्रभात फेरियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। फत्तेपुर स्थित रामेश्वर दयाल डिग्री कॉलेज में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दमयंती किशोर ने ध्वजारोहण किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रामगोपाल अर्कवंशी ने किया।

# बजाज चीनी मिल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, कुंदरखी चीनी मिल के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने ध्वजारोहण किया।

उन्होंने वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और उद्योग की प्रगति में योगदान देना चाहिए। इकाई प्रमुख ने राष्ट्र की प्रगति में किसानों की भूमिका की भी भूरि-भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम में 52 किसानों को नवीनतम तकनीकी से खेती करने के लिए शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कारखाना कर्मियों और किसानों से अपील किया कि वे गुणवत्तापूर्ण गन्ना उत्पादन एवं गन्ना क्षेत्र में वृद्धि कर उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं।

इस अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने किसानो के प्रति आभार व्यक्त किया।

चीनी मिल कर्मचारियों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर कारखाने के विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण, चीनी मिल क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक और अनेक कृषकबंधु उपस्थित रहे।

# डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही बिगड़ी महिला की हालत, उपचार के दौरान मौत

समृद्धि न्यूज

**सरकारी डॉक्टर ने अवैध तरीके से महिला को इलाज के लिए भेजा मेडिकल स्टोर**

**गोंडा।** जिले में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत के बाद परिजनों ने गोंडा मेडिकल कॉलेज के सामने जनता मेडिकल स्टोर पर गोण्डा मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉ. शोएब इकबाल अवैध तरीके से अपनी क्लीनिक चला रहे थे, जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो जाने पर पीड़ित परिवार में शोर शराबा किया।

आरोप है कि मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध रूप से संचालित हो रही क्लिनिक में इलाज के दौरान महि ला ने दम तोड़ दिया है। परिवार के लोगों का आ रोप है कि हल्का बुखार होने पर गोंडा मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां पर डॉक्टर ने अपने दलालों के माध्यम से जनता मेडिकल स्टोर पर बुला लिया था। जहां पर डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। शनिवार देर रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया।जब इला ज के लिए आई 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई।मृतका की पहचान रोली के रूप में हुई है। जो बुखार से पीड़ित थी।जानकारी के मुताबिक वह शुक्रवार देर शाम गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आई थी। लेकिन डॉक्टर के गुर्गो ने गोंडा मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित जन ता मेडिकल स्टोर पर इलाज कराने पहुंचा दिया बताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर के अंदर ही डॉक्टर शोएब इकबाल अवैध तरीके से क्लि निक चलाते हैं। वहीं मरीजों का इलाज करते हैं। वही परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर शोएब इकबाल ने बुखार ठीक करने के नाम पर रोली को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। रात करी ब साढ़े नौ बजे जनता मेडिकल स्टोर के अंदर ही उसने दम तोड़ दिया।

## एसपी ने पुलिस लाइन में हर्षोल्लास के साथ मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी









**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल व डॉ. तन्वी जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन गोंडा में हर्षोल्लास से आयोजित भक्ति भजन कार्यक्रम के पश्चात पुलिस लाइन स्थित मंदिर में विधि विधान से पूजन–अर्चन कर सभी के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

## खबरें एक नजर में

### राणा की 221वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी



रायबरेली। 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृतियों को सहेजने एवं उसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली का प्रयास निरंतर जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से जनपद में बन रहे राना बेनी माधव बख्श सिंह सभागार व अन्य प्रोजेक्ट युवा पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि समिति गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राना बेनी माधव बक्स सिंह की 221वीं जयंती 24 अगस्त के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमें स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दो अगस्त को किया जा चुका है, शेष आयोजन 18 अगस्त से प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो अगस्त को राना बेनी माधव बक्स सिंह की कर्मस्थली शंकरपुर में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है। 18 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे निर्माणाधीन राना बेनी माधव बक्श सिंह सभागार परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न होगा। संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व एमएलसी ने कहा कि 19 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे शांति इन होटल प्रभु टाउन से केजी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न होगी। जिसके मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख श्री अभय कुमार श्रीवास्तव होंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर किडजी के बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



सीतापुर। किडजी के तत्वाधान में । 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात सभी वर्गों के बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। सीनियर के.जी. की आध्या ने कविता, काव्यांश ने भाषण प्रतियोगिता में तथा स्वतंत्रता के ड्रेस अप प्रतियोगिता में विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में अपने को प्रस्तुत करके दर्शकों के द्वारा खूब तालियां बटोरी। इनमें वियान, भुवी, आव्या, विरांश, मायशा, मौली, आध्या तथा अव्यांश की रुप सज्जा बहुत ही आकर्षण का केंद्र रही। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर बच्चों ने राधा, कृष्ण के मनमोहक रूप को प्रदर्शित कर उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। इसी क्रम में मटकी सजावट, दही हांडी चैलेंज, कृष्ण बासुरी जादू तथा कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित कहानियों एवं भजनों का प्रस्तुतिकरण करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया प्रिशा, रिशांक, लविश निमित मौलि, आध्या और अव्यांश के अभिनय एवं प्रदर्शन सराहनीय रहे। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का सुमधुर समापन हुआ।

### स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



सीतापुर। अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं तथा रक्षाबंधन पर आधारित क्रियाकलापों के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें साज सज्जा में, हांडी सजावट में नित्या तिवारी कक्षा-1, मुस्कान गुप्ता, कक्षा-7, ओजस्वी मिश्रा कक्षा-7, बांसुरी सज्जा में मो. वकास कक्षा-3 ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी प्रकार रक्षाबंधन से संबंधित कार्यक्रमों में राखी मेकिंग-आरुषी मिश्रा कक्षा-1, रौनक कक्षा-2, रुद्र शुक्ला कक्षा-3 आराध्या कश्यप कक्षा-6, आनंद मुंद्रा कक्षा-4 नारियल सज्जा, आराध्या कक्षा-5-थाली सज्जा, शारिबा कक्षा-7, अनूप गुप्ता कक्षा -7 डिजिटल कार्ड, वीर कश्यप कक्षा-08, डिजिटल कार्ड, मेहंदी डिजाइन में विधि कक्षा -8 ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद कमर ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया।

### वृद्धाश्रम गौरीगंज में लगाया गया स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर




अमेठी, समृद्धि न्यूज़। वृद्धाश्रम गौरीगंज में जिला चिकित्सालय असैदापुर की टीम के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पितांबर कनौजिया के द्वारा वृद्धाश्रम में 72 संवासियों के बीपी एवं शुगर की जांच की गई और समस्त संवासियों में जिनकी गठिया, घुटने में दर्द तथा पेट की समस्या थी उनका उपचार किया गया तथा दवाई भी उपलब्ध कराई गई। डॉ.पीतांबर ने कई बुजुर्गों को बीपी से नियंत्रण रखने हेतु ताली बजाओ जैसे योग भी बताएं। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.पितांबर कनौजिया, बीएएमएस डॉ.श्रद्धा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश श्रीवास्तव एवं वृद्धाश्रम अधीक्षक वाहीदा खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शहीद स्मृति वाटिका में 101 फिट ऊंचे तिरंगा झंडे का विधायक ने किया लोकार्पण



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकासखंड हैदरगढ़ के ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित शहीद स्मृति वाटिका में 101 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके द्वारा लगवाया गया यह 101 फीट ऊंचा अद्भुत तिरंगा हैदरगढ़ क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा कार्यक्रम में आए हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ आदित्य श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, मोनू सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, भाजपा नेता गोविंद पाठक एवं हैदरगढ़ ब्लॉक के वीडीओ कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई हैदरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतन्त्रता दिवस



हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई हैदरगढ़ में धूमधाम से 79वॉ स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक बीके यादव ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। भारतमाता की ड्रेस में स्कूली बालिकाओं ने सुरीले एवं राष्ट्र भक्ति अन्दाज में राष्ट्रगान गाया। मुख्य महाप्रबन्धक श्री यादव ने सुरक्षा गार्द का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। सुरक्षाकर्मियों ने भी राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इस वर्ष देश के स्वतंत्रता की 79वीं साल गिरह के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही साथ बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के 50 वर्षीय गौरवशाली यात्रा का स्वर्ण जयंती समारोह भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के 50 वर्षीय गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के लिए आयोजित स्पोर्टस्, निबन्ध लेखन, पेंटिंग, देश भक्ति-लघु नाटिका, गायन व नृत्य, राष्ट्रगान इत्यादि वाले सभी प्रतिभागियों, बैडमिंटन खिलाड़ियों को मुख्य महाप्रबन्धक श्री यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सॉत्वना पुरस्कार वितरित किया तथा उपस्थित लोगों ने तालियॉ बजाकर पुरस्कार विजेताओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर सभी सीटीटी सदस्यों सहित चीनी मिल के डायरेक्टर प्रवीन गुप्ता, महाप्रबन्धक-इंजी. अजय श्रीवास्तव, अपर महाप्रबन्धक-लेखा गिरिजेश लाल श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक-गन्ना धर्मेश मेहरोत्रा, एजीएम-उत्पादन योगेन्द्र कनौजिया, सहित चीनी मिल परिवार के अनेक कर्मचारी व अधिकारी उनके परिवारी जन व बच्चों की टीम उपस्थित रही।

### ट्रक ड्राइवर का गड्ढे में मिला शव, नशे का आदी बताया जा रहा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। थाना लोनीकटरा क्षेत्र में एक ट्रक ड्राइवर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लखनऊ-वाराणसी रेल खंड के समीप एक गड्ढे में शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान बीरमखेड़ा गांव के जगदीश प्रसाद (58) के रूप में हुई। जगदीश प्रसाद लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर से डीसीएम ट्रक चलाते थे। वह नशे के आदी थे। इसी कारण उनके घर में अक्सर कलह होती रहती थी। नशे की आदत से तंग आकर उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से जगदीश का नशे का सेवन बढ़ गया था। वह अक्सर इधर-उधर पड़े रहते थे। उनका एक बेटा आनंद है, जो शादीशुदा है और वह भी ट्रक चलाता है। शनिवार को ग्रामीणों ने शव को देखा और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अभय मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक में उद्यान मंत्री ने किया ध्वजारोहण

- स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए वीरों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: दिनेश प्रताप सिंह
- शहीद स्मारक देश की आजादी की याद दिलाता है: मंत्री

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक स्थल मुंशीगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर ध्वजारोहण कर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर शहीदों को नमन किया, इसके पश्चात वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक, देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी गई, इसके पश्चात स्वतंत्रता/लोकतंत्र सेनानी आश्रित पारिवारिक जनों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया तथा उनके प्रतिनिधियों का उद्बोधन हुआ। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा उद्बोधन को सुना गया।

## जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

रायबरेली। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस पावन क्षण के साक्षी बनने के लिए सैकड़ो की संख्या में जनपदवासी, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ, जिसके बाद जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि इसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना है, यह हम सब का दायित्व है जनता के कल्याण के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहेगा। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मी नीरज श्रीवास्तव को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर 1968 के बाद जनपद की पहली जिलाधिकारी है जिन्होंने कलेक्ट्रेट में दूसरी बार झंडारोहण किया है। इस अवसर पर समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री और राजेश ने जिला अधिकारी को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वरिष्ठ कोषधिकारी भावना श्रीवास्तव ने देशभक्ति गीत भी सुनाया।

## धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर डलमऊ कस्बा शाहिद ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया। जगह-जगह श्रीकृष्ण की झांकियां सजाई गई जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दिखाई पड़ी सनातन धर्म में जन्माष्टमी पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन घर पर महिलाएं विभिन्न प्रकार के पकवान बनाती हैं महिलाएं एवं पुरुष उपवास रहते हुए घर पर झांकी सजाकर उनके जन्मोत्सव की तैयारी करते हैं रात्रि 12:00 के बाद भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाते हैं तत्पश्चात अपना व्रत तोड़ते हैं। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ में मनमोहक झांकी सजाई गई तथा रात में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर थाना कोतवाली डलमऊ परिसर को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया और कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कस्बे के शेरंदाजपुर मोहल्ले में श्रीकृष्ण भक्ति ओम नारायण हांडा गुड्डू के द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी की गई थी जहां पर कलाकारों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा रही वहीं थाना चौराहे के पास स्थित पथवारी शंकर द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी की गई थी और कलाकारों द्वारा फिल्मी गानो पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और रात्रि 12:00 श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव कराया गया। इस दौरान क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्ति में रहा लोगों ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की राधा-कृष्ण की जय के जयकारे लगाते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का परम मनाया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर खीरों में फहराया गया 110 फीट ऊंचा तिरंगा

- पूर्व विधायक राकेश सिंह बोले- राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं

खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विकास क्षेत्र खीरों में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरचंदपुर विधानसभा के निवर्तमान विधायक राकेश सिंह ने खीरों कस्बे के टेम्पो स्टैंड के सामने बने मैदान में स्थापित 110 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का उद्घाटन कर झंडारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ आसमान में लहराते तिरंगे को देख जनमानस भावविभोर हो उठा।

झंडारोहण के अवसर पर संबोधित करते हुए निवर्तमान विधायक राकेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। हमें जाति, मजहब से ऊपर उठकर केवल देश की सेवा और समाज की भलाई के लिए काम करना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें।



**बकुलिहा में लंबी कूद प्रतियोगिता व आल्हा गायन का आयोजन:** तिरंगा फहराने के बाद पूर्व विधायक राकेश सिंह बकुलिया ग्राम सभा के बकुलिहा गांव पहुंचे, जहां कामा माई के दरबार में ऐतिहासिक लंबी कूद प्रतियोगिता और आल्हा गायन का भव्य आयोजन हुआ। पूर्व प्रधान सुरेश त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि राकेश सिंह का अंगवस्त्र व विशाल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्राम पंचायतों के प्रधान, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**विजेताओं को मिला सम्मान:** लंबी कूद प्रतियोगिता में आसिम ने 25.8 फीट की छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें ट्रॉफी व 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर दिलशाद (24.9 फीट) रहे जिन्हें ट्रॉफी व 7 हजार रुपये, तृतीय अमित तेजा (24.3 फीट) को ट्रॉफी व 5 हजार तथा चतुर्थ स्थान पर शुभम (24.1 फीट) को ट्रॉफी व 2100 रुपये की नगद धनराशि दी गई। प्रतियोगिता में आई पांच महिला प्रतिभागियों को भले ही प्रतियोगिता में मौका न मिला, लेकिन सभी को 500-500 रुपये देकर सम्मानित किया गया।
**कार्यक्रम में जुटी हजारों की भीड़:** कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पासी, सेमरी मंडल अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, प्रधान मुकेश तिवारी, प्रधान मंगल, प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया और विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

## राजभवन जामों में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी राजभवन जामों में कुंवर अक्षय प्रताप सिंह व कुंवरानी मधुरिमा सिंह की उपस्थिति में कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जामो राजभवन में कालिका विन्दादीन पारम्परिक कथक नटवरी लोक नृत्य के अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई। भैरवी श्रीवास्तव ने अनूप जलोटा के भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन भजन से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिषिता तिवारी ने भजन हे मनमोहन हे मुरली धर भजन गाया। ऐशानी तिवारी जामों के द्वारा कथक मोहे रंग दे लाल प्रस्तुत किया। दिव्या तिवारी ने इक राधा इक मीरा गीत गाया।

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार अशोक त्रिपाठी के पुत्र शिवदत्त महराज ने भजन की प्रस्तुति दी। शिवदत्त महाराज के लड़के प्रभाकर त्रिपाठी ने भी गीत प्रस्तुति किया। इसके अतिरिक्त राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में शामिल क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, गुड्डू मिश्रा प्रधान, राज नारायण सिंह, सुधाकर श्रीवास्तव, बब्लू यादव, कप्तान सिंह, रामेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह अढ़नपुर, पंकज सिंह, संदीप सिंह, सतीश मिश्रा राजेंद्र शुक्ला, बृजभूषण सिंह, वंशी शुक्ला, प्रदीप मौर्या , प्रेम शंकर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता की अगुवाई में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

खैराबाद, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

आज़ादी के जश्न में खैराबाद का हर कोना तिरंगे के रंग में रंगा दिखा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका खैराबाद की चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा ने इतिहास रच दिया। यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व खैराबाद के समस्त सभासद गढ़ व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। खैराबाद के नगर के मुख्य मार्गों पर कदम बढ़ाए, देश भक्ति नारे – भारत माता की जय, वंदे मातरम् – से पूरा खैराबाद गूंज उठा। महिलाओं के हाथों में लहराते तिरंगे, बच्चों के चेहरों पर तिरंगे की पेंटिंग और युवाओं की जोशीली हुंकार ने माहौल को पूरी तरह देशभक्ति में डुबो दिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर पुष्पवर्षा हुई और लोगों ने तिरंगे को सलाम किया। इस मौके पर चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा – तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसे सदैव ऊंचा रखना हर नागरिक का फर्ज है।



मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरु ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज़ादी का असली अर्थ है देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना। देशभक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए लोगों के साथ यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां पूरे नगर ने एक स्वर में संकल्प लिया – तिरंगा हमेशा ऊंचा रहेगा।

## 63ली अवैध कच्ची शराब बरामद

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम-त्रिसुंडी, वलई का पुरवा, हरगांव व मूर्ति का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र -3 के थाना- बाजार शुकुल के ग्राम- मूर्ति का पुरवा से लगभग 63 ली. अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 100 किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही मे 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व समस्त स्टाफ क्षेत्र -3 से तीरथ नाथ, शमशेर कुमार, सर्वेश वर्मा, योगेश चंद्र आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ एवं लोनीकटरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कोतवाली परिसर को रंग बिरंगी झालरों एवं गुब्बारों से सजाया गया। कोतवाली हैदरगढ़ में प्रभारी अभिमन्यु मल्ल एवं लोनी कटरा में अभय प्रताप मौर्य सहित अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। देर रात भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर थाना परिसर जयकारों से गूंज उठा। पुलिसकर्मी परंपरागत रूप से जन्माष्टमी का त्योहार मनाते हैं। भगवान कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था, इसलिए पुलिस थानों और जेलों में यह पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है। कोतवाली में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली।

## बर्ड फ्लू से बचाव को लेकर डीएम ने दी सतर्कता बरतने की हिदायत

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार देर शाम पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) से संभावित खतरे को देखते हुए कहा कि जनपद के सभी कुक्कुट पालकों को सतर्क किया जाए तथा उन्हें नियमित सफाई, जैव सुरक्षा उपायों और बचाव के नियमों की जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी ने तहसीलवार रैपिड रिस्पांस टीमों के गठन और संक्रमण की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.जी.के. शुक्ला ने बताया कि जनपद रामपुर में कुक्कुट पक्षियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद शासन ने सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। अमेठी में भी तहसीलवार रैपिड रिस्पांस टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू के प्रमुख लक्षणों में अप्रत्याशित संख्या में पक्षियों की मृत्यु, अंडा उत्पादन में कमी, सिर-गर्दन व आंखों के आसपास सूजन, सांस लेने में कठिनाई, खांसना-छींकना, पंखों का बिखरना व सुस्ती, पतले या बदरंग दस्त, संतुलन खोना आदि शामिल हैं। उन्होंने सावधानी बरतने के तौर पर कहा कि कुक्कुट मांस व अंडों को अच्छी तरह पका कर ही खाएं तथा पोल्ट्री फार्म में साफ-सफाई और सेनिटाइजेशन नियमित करें। पक्षियों को संभालने के बाद हाथ एंटीसेप्टिक से धोएं। संक्रमित पक्षी के संपर्क में आने पर चिकित्सकीय परामर्श लें। तथा मृत पक्षियों को न छुएं। संक्रमण क्षेत्र में अनावश्यक भ्रमण न करें। संक्रमित पक्षियों से सीधा संपर्क न करें। खुले वाहनों से पोल्ट्री या पोल्ट्री उत्पाद का परिवहन न करें आदि।



## जिले में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

- डीपीआरसी में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं पूर्ण गरिमामयी तरीके से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तथा कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान ने ध्वजारोहण किया इसके उपरांत झंडा अभिवादन के साथ ही भावपूर्ण राष्ट्रगान का गायन किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डीपीआरसी गौरीगंज में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीपीआरसी परिसर में राज्य मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत राज्य मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, राजेश सिंह, परमानंद मिश्रा, संजय सिंह, इंद्रदत्त उपाध्याय, मथुरा प्रसाद, श्यामसुंदर गुप्ता, चंद्रभान यादव, रामसागर शुक्ला व देवराज सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव रितेश राज, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं जन सामान्य मौजूद रहे।



## चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

- संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने छात्र छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान(बिरजू संस्थान) द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ यादगार रूप से मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के संयुक्त निदेशक विवेक नौटियाल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पूरे समय उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं के एक से बढ़कर एक राष्ट्रभक्ति व प्रकृति प्रेम के मनमोहक, प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा और बच्चों को मेडल पहनाया उन्हें पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर शानदार कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें ख्याति प्राप्त रचनाकार ओज कवि ओपी वर्मा ओम हास्य व्यंग के कवि अजय प्रधान, अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू, कवियत्री लता श्रीवास्तव ने अपनी रचनाएँ पढ़कर देश की आजादी के नायकों को नमन किया। सभी रचनाकारों को संयुक्त निदेशक श्री नौटियाल ने सम्मानित किया। ध्वजारोहण समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व ऑनरेरी न्यायिक मजिस्ट्रेट कवियत्री लता श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में स्काउट एवं गाइड का प्रथम सोपान का प्रशिक्षण प्रदान करने वाले लीडर ट्रेनर राम आसरे, गाइड कमिश्नर बालजती एवं रेडक्रास के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री नौटियाल द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्या, सरिता यादव, अनीता, पूनम रत्नाकर, पलक कनौजिया, प्रिंसी वर्मा एवं स्टॉफ से जियालाल, सरोज, सरस्वती का योगदान रहा। संस्था के पदाधिकारी वीरेन्द कुमार, त्रिलोकीनाथ पूर्व प्रधान युगल किशोर यादव, पूर्व बीडीसी सदस्य परशुराम रावत, स्वामीनाथ रावत सहित स्कूल में पढ़ने वाले 182 छात्रों अन्य स्कूलों के 75 से अधिक छात्र तथा 150 से अधिक अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।





## मजबूत भारत, बुलंद इरादे

लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वाधीनता दिवस का इस बार का संबोधन कुछ अलग और कई संकेतों से भरा था। उनका 103 मिनट का भाषण न केवल अब तक का सबसे बड़ा बल्कि सख्त और साफ इरादों को दर्शाने वाला था। यह कूटनीतिक लिहाज से भी गहरे मायनों से भरा था। जहां एक ओर शुरुआत में ही अनुच्छेद 370 को हटाकर, एक देश एक संविधान की बात कही। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना को खुली छूट देने का सच भी सामने रखा। दरअसल, प्रधानमंत्री का यह संबोधन कई मायनों में बेहद अलग, सख्त और दुनिया के लिए कूटनीतिक बयानों जैसा था। साथ ही साथ देश में भी घट रही अस्वीकार्य घटनाओं से निपटने की चेतावनी भी। इसके अलावा देश की तरक्की, युवाओं को प्रोत्साहन, उपब्धियों और दुनिया के महत्वपूर्ण मिशन में भारतीय योगदान पर भी केन्द्रित था। प्रधानमंत्री ने शायद ही ऐसा कोई विषय छोड़ा हो जो जरूरी न हो। इतना ही नहीं इशारों ही इशारों में जहां अमेरिका और चीन को उसकी हैसियत बताई वहीं खुलेआम पाकिस्तान को भी लताड़ लगाई। पहले जानते हैं कि उन्होंने क्या-क्या कहा। पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उनके आतंकी हेडक्वार्टर्स को मिट्टी में मिलाने का जिक्र कर पाकिस्तान की नींद गायब होने की भी बात कही। लंबे समय से चल रहे न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहने और सेना की शर्तों पर मुंह तोड़ जवाब देने की बात कही। पुराने सिंधु जल समझौते को अन्याय पूर्ण बताया और कहा कि भारत की नदियां दुश्मनों के खेत सींचे और देश के किसान की धरती प्यासी रहे? सिंधु समझौते के उस स्वरूप को आगे नहीं सहा जाएगा। 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवन सेंचुरी है। 50-60 साल पहले सेमीकंडक्टर पर विचार हुआ लेकिन फाइलें वहीं अटक गईं। सेमीकंडक्टर के विचार की भ्रूण हत्या हो गई। बाद में कई देश सेमीकंडक्टर में महारत हासिल कर दुनिया को अपनी ताकत को दिखा रहे हैं। मिशन मोड में इस काम को आगे बढ़ाने तथा 6 अलग-अलग सेमीकंडक्टर यूनिट्स लगाने जिसमें चार की स्वीकृति की जानकारी दी। वर्ष के अंत तक मेड इन इंडिया यानी भारत की बनी हुई चिप्स बाजार में होना बड़ी उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री ने अन्य कई योजनाओं, उपलब्धियों की भी चर्चा की। 11 वर्षों में सोलर एनर्जी का उपयोग 30 गुना बढ़ना। नए-नए डैम बना जल शक्ति का विस्तार कर क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ना। 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम करना। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना ताकि देश की आजादी के 100 साल पर हमारी परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक हो। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए तय साल 2030 तक क्लीन एनर्जी में 50 प्रतिशत लक्ष्य 5 साल पहले ही हासिल करना हमारी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता है। नेशनल क्रिटिकल मिशन लॉन्च कर 1200 से अधिक स्थानों पर खोज अभियान से हम क्रिटिकल मिनरल में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। युवाओं का आह्वान किया कि क्या हमारे अपना मेड इन इंडिया फाइटर जेट्स खातिर जेट इंजन भी हमारे हों? हम फार्मा ऑफ द वर्ल्ड हैं। अब समय की मांग नहीं कि हम रिसर्च और डेवलपमेंट में और ताकत लगाएं। हमारे अपने पेटेंट हों। मानव कल्याण हेतु सस्ती, सबसे कारगर नई-नई दवाइयों पर शोध हो। संकट में बिना साइड इफेक्ट के जन कल्याण में काम आए।

# योगी का लोक प्रशासन मॉडल, जो हर राज्य के लिए हो सकता है आदर्श

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत के संघीय ढांचे में लोक प्रशासन और पुलिस व्यवस्था राज्यों की जिम्मेदारी है, परन्तु देश की सुरक्षा और नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों में एक समान सख्त, निष्पक्ष और जवाबदेह प्रशासनिक ढांचा होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने 'जीरो टॉलरेंस' मॉडल को स्थापित किया है, वह न केवल कानून व्यवस्था के क्षेत्र में एक नई मिसाल है, बल्कि इसने लोक प्रशासन की अवधारणा को व्यावहारिक धरातल पर उतारने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

वस्तुतः इस संदर्भ में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के ताज़ा आंकड़े इस नीति की वास्तविक उपलब्धियों को दर्शाते हैं। केवल दो वर्षों में 8,785 दोषियों को उम्रकैद और 70 को फांसी की सजा सुनाया जाना यह संकेत देता है कि न्यायिक तंत्र के साथ तालमेल बैठाकर अपराधियों को शीघ्र सज़ा दिलाने में पुलिस की भूमिका कितनी निर्णायक हो सकती है। 1 जुलाई 2023 से अब तक 1 लाख से अधिक लोगों को विभिन्न अपराधों में दोषी ठहराना, इनमें माफिया सरगनाओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, और गैंगस्टर एक्ट के तहत 14,400 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करना केवल आंकड़े नहीं, बल्कि एक सख्त संदेश हैं कि राज्य में अपराध का कोई स्थान नहीं है। उत्तर प्रदेश का यह मॉडल पारंपरिक 'कानून-व्यवस्था बनाए रखने' के ढांचे से आगे बढ़कर एक सक्रिय अपराध-निरोधक प्रणाली में विकसित हुआ है। यह केवल अपराध होने के बाद की प्रतिक्रिया पर निर्भर नहीं है, बल्कि अपराध के स्रोत, नेटवर्क और आर्थिक जड़ों पर प्रहार करता है। माफिया और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में वित्तीय संपत्ति की जब्ती इस बात का प्रमाण है कि केवल गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके आर्थिक ढांचे को तोड़ना ही असली नियंत्रण है। यही कारण है कि यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बन सकता है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस और प्रशासनिक ढांचे को स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और भ्रष्टाचार पर समझौता अस्वीकार्य है, और इस संदेश का असर पुलिस के हर स्तर पर दिखाई देता है।

'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में जो प्रयास हुए हैं, वे इस मॉडल के मानवीय पक्ष को भी उजागर करते हैं। महिलाओं के प्रति अपराध रोकने में तकनीकी पुलिसिंग, सामुदायिक भागीदारी और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को केंद्र में रखकर जो संरचना विकसित की गई है, उसने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। यूपी-112 जैसी आपातकालीन सेवा को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाना, और पुलिस मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर द्वारा 1 जनवरी



**वस्तुतः लोक प्रशासन का मूल आधार ही है; कानून का शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही। यदि हर राज्य उत्तर प्रदेश की तरह अपराध और भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाए, तो पूरे देश में कानून-व्यवस्था के प्रति नागरिकों का विश्वास कई गुना बढ़ सकता है। लेकिन यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि सख्ती का अर्थ मनमानी नहीं होना चाहिए। संवैधानिक अधिकारों और मानवाधिकार मानकों की रक्षा करते हुए ही कठोर कार्रवाई को लागू किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अनुभव से यह सीखा जा सकता है कि सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन कैसे साधा जाए; जहां अपराधी के प्रति कोई नरमी न हो, पर निर्दोष नागरिक की गरिमा और अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें।**

2023 से अब तक 1,257 आत्महत्या संबंधी मामलों में हस्तक्षेप कर जानें बचाना, इस बात का प्रमाण है कि पुलिस व्यवस्था केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं, बल्कि संवेदनशील हस्तक्षेप और मानवीय सहारे का भी केंद्र हो सकती है। यह दृष्टिकोण लोक प्रशासन के उस सिद्धांत के अनुरूप है जिसमें राज्य के सभी अंगों का प्राथमिक उद्देश्य नागरिक कल्याण और मानव गरिमा की रक्षा करना माना गया है।

अन्य राज्यों की स्थिति पर दृष्टि डालें तो कई जगहों पर पुलिसिंग अब भी पारंपरिक ढर्रे पर चल रही है; मामले दर्ज करना, वर्षों तक मुकदमे चलना, और अपराधियों का जमानत पर बाहर आना आम बात है। कुछ राज्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप और अपराध-राजनीति के गठजोड़ ने पुलिस की कार्यकुशलता को बाधित किया है। ऐसे परिदृश्य में उत्तर प्रदेश का मॉडल एक सकारात्मक दबाव भी बनाता है, क्योंकि नागरिक अब यह देख पा रहे हैं कि सख्त और पारदर्शी पुलिसिंग से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस मॉडल के व्यापक अनुप्रयोग के लिए अन्य राज्यों को भी अपने कानून-व्यवस्था ढांचे का आधुनिकीकरण करना होगा, तकनीकी क्षमता बढ़ानी होगी, और सबसे महत्वपूर्ण, पुलिस को राजनीतिक दबाव से मुक्त करना होगा।

वस्तुतः लोक प्रशासन का मूल आधार ही है; कानून का शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही। यदि हर राज्य उत्तर प्रदेश की तरह अपराध और भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाए, तो पूरे देश में कानून-व्यवस्था के प्रति नागरिकों का विश्वास कई गुना बढ़ सकता है। लेकिन यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि सख्ती का अर्थ मनमानी नहीं होना चाहिए। संवैधानिक अधिकारों और मानवाधिकार मानकों की रक्षा करते हुए ही कठोर कार्रवाई को लागू किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अनुभव से यह सीखा जा सकता है कि सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन कैसे साधा जाए; जहां अपराधी के प्रति कोई नरमी न हो, पर निर्दोष नागरिक की गरिमा और अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें। पुलिस कर्मियों के सम्मान और प्रशिक्षण के मोर्चे पर भी उत्तर प्रदेश का उदाहरण उल्लेखनीय है। 60,244 नए कांस्टेबलों को 'हाइब्रिड मोड' में प्रशिक्षित करना, जिसमें साइबर अपराध जांच, एआई टूल्स का उपयोग और सिमुलेशन-आधारित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना शामिल है, यह दिखाता है कि पुलिसिंग अब केवल बल-आधारित नहीं, बल्कि ज्ञान और तकनीक-आधारित पेशा बन चुका है। राष्ट्रपति वीरता पदक से लेकर उत्कृष्ट सेवा पदक तक, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को सम्मानित करना न केवल मनोबल बढ़ाता है, बल्कि पेशेवर ईमानदारी को भी प्रोत्साहित करता है। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी आवश्यक है, क्योंकि बिना प्रशिक्षित और प्रेरित बल के कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर यानी 2047 तक 'वैश्विक मानक' की आधुनिक, संवेदनशील और सशक्त पुलिसिंग का लक्ष्य केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति और योजना के रूप में अपनाया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में अपने लक्ष्य को स्पष्ट कर दिया है, जिसे डीजीपी ने 'मुस्कुराता, आत्मविश्वास से भरा और सुरक्षित नागरिक' के रूप में परिभाषित किया। यह लक्ष्य हर राज्य के लिए समान होना चाहिए, क्योंकि नागरिक का आत्मविश्वास ही किसी लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

## ऐसी नहीं आजादी

हमारे बीच वो पीढ़ी अपनों के सपनों का आकाश तलाश रही है, जिसने आजादी के लिये संघर्ष के त्रास को करीब से महसूस नहीं किया। सदियों वाली गुलामी की त्रासदी क्या होती है, पहले स्वतंत्रता दिवस पर देशव्यापी उल्लास के जुनून में इसकी झलक देखी जा सकती थी। निस्संदेह, बड़े जतन से हासिल किसी कामयाबी को वही व्यक्ति गहरे तक महसूस कर सकता है, जिसने उससे जुड़े त्रास को सहा हो। बेशक, इस आजादी की कीमत का अहसास नई पीढ़ी को होना चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में हम लोक-व्यवहार में ऐसी अराजकता देख रहे हैं, जो हमारी आजादी के दुरुपयोग की परिणति है।

किसी भी आजादी का महत्व तभी तक है जब हम अपने व्यवहार में गरिमा, जिम्मेदारी व जवाबदेही का भाव लाएं। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेन व बसों में खाद्य वस्तुओं-फलों के अवशेष तथा पेय पदार्थों की बोतलों के अंबार लगे होते हैं। जो बताते हैं कि हम अपनी आजादी का कितना दुरुपयोग कर रहे हैं। जब आप ट्रेन से सफर कर रहे हों तो देखेंगे कि तमाम लोग चीजें खाकर उनके रैपर, प्लास्टिक की थैलियां तथा कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें खिड़की से बाहर फेंक देते हैं। प्लास्टिक का कचरा रेल की पटरियों में जहां-तहां बिखरा रहता है। आखिर कौन उठाएगा इस कचरे को? कमोबेश बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसी स्थिति बनी रहती है कि लोग कूड़ा-दान बने होने के बावजूद कचरे को फर्श पर फेंक देते हैं। निश्चय ही इस बाबत जवाबदेही तय करने की जरूरत है। इसी तरह लोग सड़क पर चलती कार से प्लास्टिक का कचरा सड़क पर फेंक देते हैं। जाहिर है सारे रास्ते की नियमित सफाई नहीं होती। प्लास्टिक का सामान गलता नहीं है और सालों-साल वहीं पड़ा जीव-जंतुओं के लिये मुसीबत पैदा करता है। कमोबेश, हिल स्टेशनों पर भी पर्यटक बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य कचरा पहाड़ों पर छोड़ आते हैं। जो जल स्रोतों व भूमि की उर्वरता को बाधित करता है। इसी तरह देश की जीवनदायिनी नदियां हमारे फेंके गए कचरे से बुरी तरह प्रदूषित हो गई हैं। आस्था की हमें आजादी है लेकिन पूजा के बचे सामान, मूर्ति विसर्जन तथा प्लास्टिक की थैलियों को नदियों में बहाने की हमें आजादी नहीं है। आज नदियों का पानी आचमन तो दूर, सिंचाई की दृष्टि से भी विषैला हो गया है। दिल्ली में यमुना नदी में विषैले रसायनों का उफनता झाग फैक्ट्री मालिकों की निरंकुश आजादी का दंश है, जो जहरीले रासायनिक अवशेषों को जीवनदायिनी नदियों में बहा देते हैं। आखिर शासन-प्रशासन कहां तक निगरानी करेगा। उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश,समाज व व्यक्ति तथा प्रकृति के हितों के बारे में भी सोचना होगा। अकसर समाज में नकली पनीर व दूध बिकने की खबरें आती हैं। कैसे निष्ठुर लोग हैं कि चंद सिक्कों के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने से नहीं चूकते। उन्हें मिलावट की आजादी नहीं है। यह आजादी का दुरुपयोग है। कहीं न कहीं आम जीवन में आजादी के लिये जिम्मेदारी का बोध नजर नहीं आता। देश की सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा की जवाबदेही हमारी स्वतंत्रता का ही हिस्सा है। हमें अपने घर के कचरे को सड़क या पड़ोसी के घर के बाहर फेंकने की आजादी भी नहीं है। शराब के ठेके के बाहर शराब पीकर सड़कों के बीच या किनारे खाली बोतलें फेंकने की भी हमें आजादी नहीं हैं। दुर्भाग्य से बोतलों के टूटने से बिखरा कांच कितने लोगों को घायल करता है, ये पीने की आजादी का दुरुपयोग करने वाले नहीं जानते। एक दार्शनिक ने कहा था कि तुम्हारी आजादी वहां खत्म हो जाती है जहां से मेरी नाक शुरू होती है। यानी किसी की आजादी का मतलब दूसरे व्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। यही बात हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व प्रक्रिया पर भी लागू होती है। यह आजादी विवेकशील मतदान की जवाबदेही भी तय करती है। वोट देने की आजादी कहती है कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम जाति-धर्म व क्षेत्र की संकीर्णताओं से मुक्त रहें। यह भी कि हमें इस बात की आजादी नहीं है कि हम दागियों को जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज सकें।

**विचार**

# कर्तव्य भवन : संकल्प से सिद्धि की ओर

श्याम जाजू

भारतीय जनमानस के लिए कर्तव्य की अवधारणा प्राचीन काल से ही कर्तव्य के आदर्श में गहराई से निहित रही है। भगवान श्री रामचंद्र की राज्य के प्रति निष्ठा, भगवान श्री कृष्ण का कूटनीतिक कौशल, आचार्य चाणक्य की अद्वितीय राजनीतिक बुद्धिमत्ता, सम्राट अशोक का धर्म-प्रचार, गुप्त वंश का ज्ञान और ऐश्वर्य का स्वर्णिम युग, चोल साम्राज्य की सामुद्रिक शक्ति की गाथा और छत्रपति शिवाजी महाराज का लोकहितकारी शासन, भारतीय परंपरा की अमर महानताएँ हैं। आज यही मूल्य आधुनिक रूप में ''कर्तव्य भवन'' नाम से परिलक्षित हो रहा है।




अभी तक, केंद्र सरकार के कई महत्वपूर्ण कार्यालय दिल्ली में विभिन्न भवनों में किराए पर चल रहे थे, जो केवल एक अस्थायी व्यवस्था थी। हम कितने साल किराए का घर चलाएंगे? एक दिन, हम तय करते हैं, ÷हमें अपना घर चाहिए÷ केंद्र सरकार के मामले में, वह कदम है- ''कर्तव्य भवन।'' वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सरकार हर साल लुटियंस ज़ोन और दिल्ली के आसपास के इलाकों में किराए के भवनों पर एक बड़ी रकम खर्च करती है। अकेले किराए पर 1100 से 1500 करोड़ रुपये और इसके अलावा रखरखाव और मरम्मत पर 400 से 600 करोड़ रुपये। यानी कुल मिलाकर हजारों करोड़ की राशि सिर्फ भवनों के उपयोग पर खर्च होती है। अब यह सारे कार्यालय कर्तव्य भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 06 अगस्त को कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया। पहले राजपथ को गुलामी का प्रतीक मान उसका नया नामकरण कर्तव्य पथ करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने ही इस कर्तव्य भवन की संकल्पना की और फिर उसे साकार भी कर दिखाया।

''कर्तव्य भवन'' का विचार केवल पत्थर-मिट्टी का ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जैसे हर परिवार अपने घर को सपना और सुरक्षा मानता है, वैसे ही राष्ट्र का भी अपना घर होना आवश्यक है। यही घर होगा, जहाँ सरकार की नीतियाँ और निर्णय केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और आकांक्षाओं के साथ गढ़े जाएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी यह कदम दूरदर्शी है, क्योंकि इसकी लागत कुछ ही वर्षों में पूरी हो जाएगी। इसका असली मूल्य उस भावनात्मक शक्ति में है, जो यह आने वाली पीढ़ियों को दे जाएगा। यह भवन हमारे लोकतंत्र का आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल स्वरूप होगा, जहाँ फैसले तेजी, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ लिए जाएंगे। वास्तव में, यह भवन केवल प्रशासन का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हर भारतीय के स्वाभिमान और संकल्प का घर होगा।

**''कर्तव्य भवन'' का विचार केवल पत्थर-मिट्टी का ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जैसे हर परिवार अपने घर को सपना और सुरक्षा मानता है, वैसे ही राष्ट्र का भी अपना घर होना आवश्यक है। यही घर होगा, जहाँ सरकार की नीतियाँ और निर्णय केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और आकांक्षाओं के साथ गढ़े जाएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी यह कदम दूरदर्शी है, क्योंकि इसकी लागत कुछ ही वर्षों में पूरी हो जाएगी। इसका असली मूल्य उस भावनात्मक शक्ति में है, जो यह आने वाली पीढ़ियों को दे जाएगा। यह भवन हमारे लोकतंत्र का आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल स्वरूप होगा, जहाँ फैसले तेजी, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ लिए जाएंगे।**

'कर्तव्य भवन' वह जगह होगी, जहाँ प्रशासन एक साथ बैठेगा, सोचेगा और काम करेगा, तो संवाद आसान होगा और जवाबदेही स्वाभाविक रूप से बढेगी। अब तक, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालय दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए थे। नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, शास्त्री भवन, निर्माण भवन, उद्योग भवन, कृषि भवन, रेल भवन और भी बहुत कुछ। ये सिर्फ़ पतों का अंतर नहीं था, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में देरी का अंतर था। प्रशासन में एक मंत्रालय दूसरे के सहयोग के बिना नीति नहीं बना सकता। निर्णय प्रक्रिया में समन्वय की ज़रूरत और विचारों का आदान-प्रदान ज़रूरी होता है। अब, चूँकि ये सब एक ही जगह पर है, तो ये कुछ ही मिनटों में संभव हो जाएगा। कभी मीटिंग के लिए आना-जाना पड़ता था, आज वो समय बचेगा। इससे न सिर्फ़ समय की बचत होगी बल्कि ऊर्जा, आर्थिक व मानवीय संसाधन की भी काफ़ी हद तक बचत होगी। जहाँ मंत्रालय एक-दूसरे के बगल में स्थित होते हैं, वहाँ समस्याओं की बजाय समाधान तेज़ी से मिलते हैं। तकनीकी दृष्टि से भी ये एक डिजिटल-फर्स्ट इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। सभी मंत्रालयों की नेटवर्किंग, क्लाउड-आधारित फाइलें, सुरक्षित संचार चैनल, एआई और डेटा एनालिटिक्स नीति निर्माण में तेजी लाएंगे। ÷डिजिटल इंडिया÷ का नारा, साकार होगा। इससे नागरिकों को भी लाभ होगा। जब यह सब एक ही स्थान पर होगा, तो प्रशासनिक तंत्र अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगा। इसके प्रत्यक्ष लाभ हैं - एक आधुनिक सरकारी भवन, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और भारतीय बौद्धिकता का स्पर्श। 'कर्तव्य भवन' केवल इमारत नहीं है, बल्कि यह 21वीं सदी में भारत के कार्यसंस्कृति और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस नए परिसर में लगभग 1500 चार पहिया और हजारों दो पहिया वाहनों के लिए बहु-स्तरीय भव्य पार्किंग की सुविधा है। 'कर्तव्य भवन' आधुनिकता का एक आदर्श होगा। इस भवन का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुसार किया गया है।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभः- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# समाज की सामूहिक चेतना का स्वर

छठ लोकगीत किसी समाज की आत्मा होते हैं, जो उसकी परंपरा, भावनाओं और जीवन शैली को सरल भाषा और लय में अभिव्यक्त करते हैं। ये गीत पीढ़ी दर पीढ़ी स्मृति में बसकर संस्कृति को जीवित रखते हैं। लोकगीतों में मिट्टी की महक और सामूहिकता की गूंज छिपी होती है। साहित्य में लोकगीत का बहुत अहम मुकाम होता है। यह साहित्य की उस धारा का हिस्सा होता है, जिसे हम लोक संस्कृति की आत्मा कहते हैं। यह किसी समाज को सबसे सहज, मौलिक और सामूहिक रूप से व्यक्त करता है।

वास्तव में लोकगीत की परंपरा लिखित साहित्य से पहले की परंपरा है, इसलिए लोकगीत में सब कुछ तय नहीं होता। एक ही लोकगीत, एक ही इलाके में गाते हुए लोग अलग अलग शब्दों, अलग अलग संवेदनाओं के आयाम छूते हैं। लोकगीत आमतौर पर किसी समाज की सामूहिक भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इनमें इतिहास, ऋतुएं, पर्व, सामाजिक घटनाएं होती हैं, जो लगातार जुड़ते शब्दों के गीतों में पिरोकर पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांरित होते हैं।

**लोकगीतों की यही लोकचेतना चुबंक की तरह लोगों को अपनी तरफआकर्षित करती है। क्योंकि लोकगीतों के गाने गुनगुनाने में किसी तरह का शास्त्रीय बंधन नहीं होता, इसलिए उन्हें हर कोई अपने अपने ढंग से गा, गुनगुना सकता है। लोकगीत किसी विशेष लेखक की रचना भी नहीं होते। ये आज के विकीपीडिया कंटेंट की तरह होते हैं, जिसमें हर कोई अपना योगदान दे सकता है। इसलिए लोकगीत किसी लेखक विशेष की रचना या उनकी पूंजी नहीं होते। ये समाज के सभी लोगों की सामूहिक पूंजी होते हैं और इनकी रचना में भी पूरे समाज का योगदान होता है। हिंदी साहित्य में तो विशेषकर लोकसाहित्य की श्रेणी में लोकगीत इसके मूल आधार की तरह हैं। सच बात तो यह है कि बाद में व्यापक लिखित साहित्य इसी की बुनियाद पर खड़ा हुआ है।**

लोकगीत किसी समाज की सामूहिक भावनाएं होते हैं, इस वजह से दुनियाभर के लोकगीतों की अगर भाषा एक कर दी जाए तो हम पाएंगे कि दुनिया के हर कोने के लोकगीत लगभग एक जैसे होते हैं। मनुष्य की आंतरिक संवेदनाएं एक जैसी ही होती हैं, चाहे वह धरती के किसी भी छोर में रहते हों। थोड़े शब्द अलग होते हैं, शब्दों के व्यक्त करने का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन दुनियाभर की लोकचेतना एक जैसी होती है। लोकगीतों की यही लोकचेतना चुबंक की तरह लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करती है। क्योंकि लोकगीतों के गाने गुनगुनाने में किसी तरह का शास्त्रीय बंधन नहीं होता, इसलिए उन्हें हर कोई अपने अपने ढंग से गा, गुनगुना सकता है। लोकगीत किसी विशेष लेखक की रचना भी नहीं होते। ये आज के विकीपीडिया कंटेंट की तरह होते हैं, जिसमें हर कोई अपना योगदान दे सकता है। इसलिए लोकगीत किसी लेखक विशेष की रचना या उनकी पूंजी नहीं होते। ये समाज के सभी लोगों की सामूहिक पूंजी होते हैं और इनकी रचना में भी पूरे समाज का योगदान होता है। हिंदी साहित्य में तो विशेषकर लोकसाहित्य की श्रेणी में लोकगीत इसके मूल आधार की तरह हैं। सच बात तो यह है कि बाद में व्यापक लिखित साहित्य इसी की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। लोकगीत साहित्य की सबसे लोकप्रिय विधा इसलिए होते हैं, क्योंकि इनमें जो सरलता, जो सहजता, लय, भाव-भंगिमा और भाषा होती है, वह ऐसी होती है कि आम से आम व्यक्ति भी उसे समझ सकता है, उन्हें गा सकता है और उसमें अपनी मौजूदगी महसूस कर सकता है। लोकगीत किसी एक व्यक्ति द्वारा अकेले में आमतौर पर नहीं गाये जाते। इसलिए लोकगीतों की कोई विशेष शैली या किसी गायक विशेष की इनमें छाप भी नहीं होती। उन्हें कोई भी गा सकता है। ये अपनी भाषाशैली और रचना प्रक्रिया में अपने साथ सबको जोड़ते हैं। इनमें स्थानीयता की सबसे मुखर गंध होती है। इनका स्वर, इनके शब्द, ये जिस वाद्य में गाये और बजाये जाते हैं, यह सब स्थानीय होते हैं। यहां तक कि लोकगीतों में जो भाव-भंगिमाएं प्रदर्शित की जाती हैं, वह एक स्थान विशेष के लोगों की सामूहिक भाव-भंगिमाओं का हिस्सा होती है। इनका जुड़ाव अपने इलाके की मिट्टी, मौसम और बोली से बहुत गहरे तक होता है। इसलिए ये किसी व्यक्ति विशेष की बजाय किसी समूह विशेष या किसी भूगोल विशेष का जीवंत दास्तावेज होते हैं। शादी-ब्याह, खेती-किसानी, ऋतु परिवर्तन, युद्ध, प्रेम, वियोग यानी जीवन का कोई छोटा या बड़ा पहलू नहीं छुटता, लोकगीत जिन्हें अपने अंदर न समेटे हों। लोकगीतों में सामाजिक जीवन की व्यापक उपस्थिति होती है। हर लोकगीत की अपनी एक संस्कृति होती है या दूसरे शब्दों में लोकगीत हमें यह बताते हैं कि वह किस सांस्कृतिक धारा से जुड़े हुए हैं और वहां के पूर्वज अपना जीवन कैसे जीते थे। लोकगीतों से हमारा इसलिए भी व्यापक लगाव होता है, क्योंकि ये हमारी स्मृति और नॉस्टैलेजिया का हिस्सा होते हैं। दरअसल हम सब लोकगीत सुनकर ही बड़े हुए होते हैं। जब बच्चे पैदा होते हैं तो उनके स्वागत में जो मंगलगीत गाये जाते हैं, वे लोकगीत ही होते हैं। भले शिशुओं को यह सुनना, समझना, संभव न हो, लेकिन लोकगीतों के बोल जो उनके शिशु जीवन में कानों में पड़ते हैं, वे हमेशा हमेशा के लिए उनकी स्थायी स्मृति का हिस्सा हो जाती हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# नगर उद्योग व्यापार मण्डल की कमेटियों का हुआ विस्तार, स्वागत कर पदाधिकारियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इखलाक खान, महामंत्री राकेश कुमार सक्सेना, नगर प्रभारी सर्वेन्द्र सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष राजन राय जौली एवं संरक्षक मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व में नगर कमेटी का विस्तार किया गया। रेलवे रोड स्थित अनंत होटल के सभागार में नगर कमेटी बैठक की अध्यक्षता हाजी मो0 इखलाक खान ने की। नगर उद्योग मंच का विस्तार किया गया। जिसमें अरुण कुमार अग्निहोत्री अध्यक्ष, चित्रांशु दीक्षित महामंत्री, जयवीर सिंह कोषाध्यक्ष बनाये गये। क्षेत्रीय इकाई सुतहट्टी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राशिद सिद्दीकी, महामंत्री लईक सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष जीशान बने। नगर उद्योग आईटी मंच के अध्यक्ष अश्वनी राज, महामंत्री यश बाबू, कोषाध्यक्ष रितिक तिवारी बनाये गये है। पूर्व में घोषित नगर इकाई युवा नगर व्यापार मण्डल, महिला नगर व्यापार मण्डल, सप्ताहिक बाजार व्यापार मण्डल, घुमना-नेहरु रोड व्यापार मण्डल, अंगूरी बाग व्यापार मण्डल, सुतहट्टी व्यापार मण्डल, नगर उद्योग मंच व्यापार मण्डल का गठन हुआ। साथ ही महिला व्यापार मण्डल की नगर अध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने अपनी नगर कमेटी घोषित की। जिसमें नगर महामंत्री प्रियंका ठाकुर, कोषाध्यक्ष सरिता, संयुक्त महामंत्री स्वाती राज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना राठौर, विमलेश, नगर मंत्री छवि कुशवाहा को बनाया गया है। सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, सरदार जगदीप सिंह, अंकुर सक्सेना, रामजी बाजपेयी मौजूद रहे। संचालन नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने किया। धन्यवाद हाजी मो0 इखलाक खान ने किया। आभार नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीती गुप्ता ने व्यक्त किया।

# गंगापार में बाढ़ का पानी भी नहीं रोक पाया स्वतंत्रता दिवस पर उत्साह



बाढ़ के पानी में जाकर ध्वजारोहण करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज में बाढ़ का पानी विद्यालय के अंदर आ जाने के बावजूद भी प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने अपने शिक्षक साथियों के साथ पानी में जाकर स्वतंत्रता दिवस पर झण्डा रोहण किया। आजादी का जश्न मनाते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि बाढ़ का पानी इस उत्साह को कम नहीं कर सकता है। शिक्षकों ने भी उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। साथ ही शिक्षकों ने विचार रखे। इस मौके पर शिक्षक सुनील कुमार, सुधीर कुमार पाल, प्रदीप सिंह, शिवराम सिंह, दीपक शर्मा, निशिकांत मौजूद रहे।

# जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कंछल गुट में बिना व्यापार के कई बने पदाधिकारी



जिलाध्यक्ष प्रमोद जैन का स्वागत करते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कंछल गुट की जिला कमेटी की बैठक बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला व क्षेत्रीय कमेटियों के पदाधिकारी घोषित किये गये। अधिकांश पदाधिकारियों का व्यापार न होने के बावजूद भी कमेटी में पदाधिकारी बनाये गये। सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण व मनोनयन पत्र देकर स्वागत किया गया। जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष प्रमोद जैन व कार्यवाहक अध्यक्ष रविन्दर सिंह उर्फ बंटी सरदार ने पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें वरिष्ठ महामंत्री आलोक रायजादा, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीश द्विवेदी, पुखराज डागा, सुशील गुप्ता, सुनील राठौर, संतोष गुप्ता बनाये गये। महामंत्री हरीश दुबे, राजू शिवानी, अर्पित लाम्बा को बनाया गया। उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, शिवेन्द्र गुप्ता पंकज, रिजवान अहमद ताज, जितेन्द्र कुमार वर्मा, मल्लू यादव, लकी गुप्ता, राजीव कुमार बाजपेयी बनाये गये। मंत्री पद की जिम्मेदारी कपिल साध, निशांत साध, अमन तिवारी, गोपाल सारस्वत, राजू वर्मा को मिली। संगठन मंत्री वैभव सोमवंशी, प्रफ्फुल अग्रवाल, गौरव मिश्रा बनाये गये। कानूनी सलाहकार में अधिवक्ता कार्तिक चन्द्र मिश्रा, रवीश द्विवेदी, अंकुर मिश्रा, साहिल सागर, प्रदीप चतुर्वेदी बने। मीडिया प्रभारी प्रवक्ता की जिम्मेदारी वरुण त्रिपाठी को दी गई। युवा नगर अध्यक्ष अमन जैन व महामंत्री आकाश गुप्ता उर्फ सनी बने। फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष अल्लादीन व महामंत्री चमन टंडन बने। कायमगंज नगर अध्यक्ष अजीत राजपूत व महामंत्री अर्पण अवस्थी बने। शमशाबाद, कम्पिल, फैजबाग, कमालगंज, मोहम्मदाबाद के नगर अध्यक्ष व महामंत्री घोषित किये गये।

# जल शक्ति मंत्री ने की राहत कार्यों की समीक्षा



बाढ़ पीड़ितों से समस्याओं की जानकारी करते मंत्री

## डीएम के कार्यों को सराहा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों की दुश्वारियों का जायजा लेने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ग्राम जमापुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ग्रस्त ग्रामीणों से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा स्वयं हाथों से राहत सामग्री वितरित की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में हर क्षण जनता के साथ खड़ी है और किसी को भी भूखा या बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। राहत कार्यों का नेतृत्व कर रहे जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की मंत्री ने सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत वितरण और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा पशुओं के चारे की व्यवस्था करने हेतु विशेष टीमों का गठन किया है। इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने भी ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि फसलों और मकानों के नुकसान का आंकलन कर प्रभावित किसानों व परिवारों को मुआवजा दिलवाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति उनके साथ खड़ा है। गंगा व रामगंगा नदियों के उफान से अमृतपुर क्षेत्र के अनेक गांव जलमग्न हो चुके हैं।

खेतों की फसलें बर्बाद हो गई हैं और लोगों को अपने घरों से निकलकर ऊंचे स्थलों पर शरण लेनी पड़ रही है। जिला प्रशासन लगातार नावों की मदद से बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री पहुंचा रहा है तथा बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का यह दौरा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के लिए राहत और विश्वास का संचार करने वाला सिद्ध हुआ।

# नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया झंडारोहण



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलायी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया। वहीं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कर्मचारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत काम करने के निर्देश दिए। बताया कि शासनादेश के अनुसार सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन की योजना पर सभी तन, मन, धन से कार्य करें और स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाएं। ऐसे ही कई वक्तव्य नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने दिए।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अहिलकर राजपूत, अधिशासी अधिकारी तथा समस्त कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# विकास खंड में ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन ने किया ध्वजारोहण



ध्वजारोहण के दौरान ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन व कर्मचारीगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी के साथ प्रभात फेरी को तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को पद तथा दायित्वों की शपथ दिलायी। ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन ने कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों का परिचय लिया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने विकास खंड अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर बुकें भेंट कीं। अध्यापक पंकज यादव, नवनीत यादव ने भी बुकें भेंट कीं। विकास खंड क्षेत्र के ही गांव सिरमौरा बांगर के प्रा0वि0 तथा उ0प्रा0वि0 के प्रधानाध्यापक नवनीत यादव विद्यालय से बच्चों को लेकर आए और नयागनीपुर सहित कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभातफेरी को खंड शिक्षा अधिकारी तथा ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन, बीडीओ, एडिओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, कनिष्ठ लिपिक राज भारती, नवनीत कुमार, मनोज शाक्य, सचिव मोतीलाल यादव, जगवीर सिंह यादव, कुलदीप सिंह राजपूत, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, अरविंद कुमार, सुनील कुमार गौतम, सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, नवनीत कुमार, पंकज यादव, सीएम फॉलोवर इंदल बाबू, जेई सुनील कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कौशल, मनोज कुमार, राघवेंद्र सिंह, विनय सिंह समेत समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख ने अपने पैतृक गांव हरदुआ में श्री महिपाल सिंह शास्त्री इंटर कॉलेज में पहुंचकर प्रबंधक के रूप में ध्वजारोहण किया तथा बच्चों को उपहार भेंट किये। इस मौके पर शिक्षक जितेंद्र सिंह, राम मोहन सिंह यादव, कुलदीप कुमार, नसीम हाशमी, राहुल झा, बृजेश कुमार यादव, रेनू यादव, मनोज कुमार सरोज, रामप्रीत राम आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर शान से फहराया गया तिरंगा, निकाली गई प्रभातफेरी, छात्र-छात्रायें हुई सम्मानित



झण्डा रोहण करती प्रधानाचार्य मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना। जिस पर कई प्रतियोगितायें हुई। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने झण्डा रोहण किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। और बच्चों ने कविता, देश भक्ति भाषण आदि सुनाये। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने अपने विचार रखे। इस मौके पर वीना एडवर्ल्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौसिया पॉल, भावना लाल, रचना हिल्स, पूजा, लक्ष्मी, अमित, अनीस अहमद, संजय, शिवम कुशवाहा, राजेश कुमार, सुनील रामदास, सुनील राम, अर्जुन नूरानी लायल, आदि लोग मौजूद रहे।



स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व नर्सिंग छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों एवं प्रबन्ध समिति के द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पुष्पार्पण, दीप प्रज्वलित किया गया। प्रबन्धक अनुराग दुबे सहित समस्त ट्रस्टीगण एवं आये हुए सम्मानित अतिथियों के द्वारा ध्वजरोहण कर राष्ट्रगान किया गया। स्वतंत्रता के अमृतकाल खण्ड में संस्था के प्यारे विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक, देशभक्ती नृत्य, राष्ट्रगान एवं नाटक के माध्यम से राष्ट्र के प्रति देशभक्ती भावनाएं प्रस्तुत की गयी। डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने कहा देश आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। 15 अगस्त 2025 को भारत को आजादी मिले 78 साल पूरे हो गये हैं।



दीप प्रज्वलित करते चेयरमैन विवेक यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कानपुर रोड स्थित एसबी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। अध्यक्ष विवेक सिंह यादव एवं चेयरपर्सन स्नेहा यादव ने समस्त स्टाफ के साथ ध्वजारोहण किया। स्पोर्ट्स कोच मोहित कुमार ने छात्रों से देशभक्ति के जोशीले नारे लगवाए। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति में छात्रों ने भगत सिंह को फांसी दिए जाने का दृश्य प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने कहा कि हमें आज़ादी का असली अर्थ समझना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश आज़ाद कराया। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी, निष्ठा और शिक्षा के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान दें।



झण्डा रोहण करते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस गुरुगांव देवी मंदिर स्थित जिला प्रवक्ता लाखन सिंह के एलएस टीटीसी कम्प्यूटर सेंटर पर जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के साथ झण्डारोहण किया। बड़ी संख्या में फेडरेशन के व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने स्वतंत्रता दिवस पर विचार रखे। मनोज मिश्रा ने स्वतंत्रा दिवस की उपलब्धि पर विचार रखते हुए सभी से अपील की कि पहले हम देशवासी है। बाद में हम व्यापारी है। इसलिए देश की सेवा के प्रति सभी लोग समर्पित रहे। जिला प्रवक्ता लाखन सिंह ने कहा कि देशहित में जब भी जरुरत पड़े तो सभी व्यापारी तन, मन, धन से सहयोग करें। इस मौके पर पवन गुप्ता, विमलेश मिश्रा मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को बिरियानी बांटने पर प्रधान समेत चार पर मुकदमा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ पीड़ितों को खाना बांटने गए प्रधान ने मांस की बिरयानी के पैकेट दे दिए। खाना खाने के दौरान बिरयानी में मांस के टुकड़े व हड्डियां निकल आईं। शिकायत करने पर ग्राम प्रधान व उसके पुत्र भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ितों ने थाने पहुंच आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान व उसके पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी सुनील ने दी तहरीर में बताया कि गांव के चारों तरफ व घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे घरों में खाना नहीं बन पा रहा है। शनिवार शाम पांच बजे ग्राम प्रधान मोहम्मद शमी उसके पुत्र तालिब, सैफ अली निवासी नूरपुर गढ़िया साथी सामी उर्फ मुस्तकीम निवासी काजी टोला कंपिल के साथ गांव राईपुर चिनहटपुर खाने के पैकेट लेकर पहुंचे। उक्त लोगों ने ग्रामीणों को खाना के पैकेट बांट दिए। खाना खाने के दौरान सुनील, ओमकार, पिंटू, रिंकू, सतीश, यादराम, राजाराम, नीलू, दयाराम, सुनीता, सुधा ए सहित अन्य लोगों के खाने में मांस के टुकड़े व हड्डियां निकल आए। घर में आई बिरयानी से जन्माष्टमी के पर्व पर रखा व्रत खंडित हो गया। जिससे महिलाएं रोने लगीं। इसी बात की शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को फोन पर की। ग्राम प्रधान भड़क कर कहने लगे कि सभी हिन्दू खाते हैं। खाना खाना है तो खाओ नहीं तो फेंक दो। ग्रामीणों ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने देर रात दबिश देकर दो युवकों को हिरासत में ले लिया। रविवार सुबह थाने पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व उसके पुत्रों पर जानबूझकर मांस की बिरयानी खिलाने व धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा हंगामा काटा। मुकदमा लिखने के आश्वासन पर ग्रामीण वापस लौट गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर हुआ रक्तदान, फहराया गया तिरंगा



रक्तदान करते कारागार मंत्री सुरेश राही

## कारागार मंत्री सहित 85 ने किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लालमणि गुप्त एवं स्व कपिल गुप्ता की स्मृति में 8वां रक्तदान शिविर का आयोजन संस्था के अध्यक्ष कुशाग्र गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कारागार मंत्री सुरेश राही ने रक्तदान किया। साथ ही 85 युवक युवतियों ने रक्तदान किया।अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवालजी, चेयरमैन वत्सला अग्रवाल, भास्कर दत्त द्विवेदी, अपर चिकित्साधिकारी राजेश माथुर, धीरेन्द्र वर्मा, अमित गुप्ता, सचिव व सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया, श्याम सुंदर लल्ला, अंकुर गुप्ता, सुंदर गुप्ता, रवि तिवारी, सचिन कटियार, अमित वर्मा, सुमित गंगवार, रिचा गुप्ता, माला गुप्ता, सविता बाजपेयी, जर्नादन राजपूत, सुजीत गुप्ता, मनोज बाजपेयी, धीरु सारस्वत, प्रिंस शुक्ला, जीतू कटियार, आदित्य कटियार आदि लोग मौजूद रहे।




स्वतंत्रता दिवस मनाते कमेटी के लोग

## खाटू श्याम बालाजी ग्रुप द्वारा बनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाटू श्याम बालाजी ग्रुप कमेटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर झण्डा रोहण किया गया। सभी को तिरंगा पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान संरक्षक सुनील कुमार गुप्ता, डब्बू गुप्ता, राजीव गुप्ता, सुनील गुप्ता, अवधेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, अंकुर गुप्ता, विवेक गुप्ता, सोनू गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, भोला, राजीव गुप्ता, पप्पू शुक्ला, सुबोध गुप्ता, अध्यक्ष अंकित गुप्ता, प्रवेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, रिंकू गुप्ता, विपिन गुप्ता, विजय सक्सेना, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक वर्मा, पंकज गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, अमित गुप्ता, अंशु, मनोज गुप्ता, मंगल राठौर, मनोज सक्सेना, विनय गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमन दीप, सुशील वर्मा, अर्पित गुप्ता, अतुल गुप्ता, अजीत गुप्ता, बंटू दुबे, पवन दुबे, विकास गुप्ता, विक्की आदि मौजूद रहे।

# सी.पी. विद्या निकेतन इंटर कालेज में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



ध्वजारोहण के दौरान निदेशिका मिथलेश अग्रवाल व अन्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सी.पी. विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह राठौर एवं गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सत्यप्रकाश अग्रवाल ने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने की नसीहत दी और बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निदेशिका ने वेदों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया और आत्मनिर्भर बनने को कहा। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि सी.पी. विद्या निकेतन की पहचान स्व0 पिक्कू बाबू से हुई है। पहले कायमगंज के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने फर्रुखाबाद जाते थे, लेकिन अब फर्रुखाबाद से कायमगंज में पढ़ने आते हैं। प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# आकर्षण का केंद्र रहा छात्रों का रॉकेट मिसाइल प्रक्षेपण

## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्ण उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**






जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में 78वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के रंग में रंगा। इस अवस पर छात्रों द्वारा बनाया गया रॉकेट मिसाइल का प्रक्षेपण सभी के आकर्षण का केंद्र रहा, जो युवा गोयनकाओं की वैज्ञानिक सोच और नवाचार का प्रतीक बना।

समारोह की शुरुआत प्राचार्या डॉ. मनीषा सिंह द्वारा ध्वज फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिंकी यादव, एक पूर्व सैन्य अधिकारी की पत्नी, की उपस्थिति ने सैनिक परिवारों के मूक बलिदानों को याद दिलाया। सैनिक जहां सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं, वहीं उनके परिवार चुपके से गर्व और दर्द सहते हैं। उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका सम्मान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य से हुई, जिसने माहौल को उत्सवमय बनाया। इसके बाद देशभक्ति से ओतप्रोत कोरस प्रदर्शन ने सभी के दिलों को छू लिया। छात्रों ने ऑपरेशन सिन्दूर पर नाटक प्रस्तुत किया, जो भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को जीवंत रूप में दर्शाता था। इस मार्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। प्रबंध निदेशक डॉ. अनीता रंजन ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा, स्वतंत्रता का यह पर्व हमें न केवल अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर देता है, बल्कि यह भी प्रेरित करता है कि हम युवा पीढ़ी को नवाचार, देशभक्ति और जिम्मेदारी के मूल्यों से जोड़ें। हमारे छात्रों का रॉकेट मिसाइल प्रक्षेपण इस दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। प्राचार्या डॉ. मनीषा सिंह ने युवा गोयनकाओं की रचनात्मकता और देशभक्ति पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट हैं, बल्कि वे वैज्ञानिक और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी सजग हैं। कार्यक्रम का समापन जय हिंद के गगनभेदी नारों और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# कैलाश राजपूत को किया गया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

लक्षीराम नगला गांव के बुद्ध विहार में विश्व के सबसे ऊंचे 105 फीट के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के निर्माण में आर्थिक सहयोग के लिए विधायक कैलाश राजपूत को सम्मानित किया गया।विधायक ने निर्माण समिति के संयोजक ओमकार शाक्य को सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा कि इस अशोक स्तंभ के निर्माण से कन्नौज पर्यटन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह स्थल संकिसा के बाद बौद्ध अनुयायियों और पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बनेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। समिति की ओर से ओमकार शाक्य और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने विधायक को पंचशील का पटका पहनाकर और अशोक स्तंभ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने विधायक के सहयोग की सराहना करते हुए कहा प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने भी इस परियोजना के सुंदरीकरण के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह पहल कन्नौज को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमान का आचरण अच्छा न होने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य, मुकदमा या लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**रिजवान अंसारी पुत्र नौसा अंसारी निवासी मोहल्ला सैयदवाड़ा, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 सुल्तान नगर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/ 15वां वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 17/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तान नगरे द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निम्न लिखित विवरण के अनुसार पंजीकृत निविदादाताओ से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18/08/2025 से 24/08/2025 तक की अपरानह 2 बजे तक निविदाए आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/08/2025 को अपरानह 3.00 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी, निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से रुपये 100.00 नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मजनू के घर से जय सिंह के खेत तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 198375 | 3968 | 100 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान- बृजेश कुमार ग्रा0पं0 सुल्तान नगर, मोहम्मदाबाद सचिव- संदेश कुमार**

**समन विनावर/गजट इनाफ न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कायमगंज फर्रु0**

वाद सं0-0799 सन् 2025

चमन खॉ आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 नसीर खां निवासी ग्राम-इमली दरवाजा, शमशाबाद पर0-श0प0, तहसील-कायमगंज, जिला-फर्रुखाबाद

............वादी

बनाम

1- जुग्गन खॉ
2- असलम खॉ पुत्रगण नसीर खॉ
3- शाकेव खॉ पुत्र मंसूद खान
4- शावाव खान
5- कामरान पुत्रगण शफीक खान
6- इमरान

धारा-116 उ0प्र0 रा0 स0 2016 ग्राम खारबंदी शमशाबाद पर0श0प0 तह0 कायमगंज
**नियत 19-8-2025**

समस्त नि0-ग्रा0 खारबन्दी, पर0-श0प0 त0 कायमगंज जनपद-फर्रुखाबाद

7- ग्राम समाज खारबंदी इमली दरवाजा शमशाबाद द्वारा ग्राम प्रधान खारबंदी शमशाबाद, प0-श0प0 त0 कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद

ने आपके नाम नालिस अपराध वादी............प्रतिवादीगण है कि आप तारीख 19-8-2025 वक्त 11 बजे दिन से मार्फत वकील के जो मुकदमा से करार वाकई वाकिखिया गवाहों और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जबाव दे सके और दावा करे और आपको जुमला पेश करे जिस पर जबाव दे ही हो। अतः आपको इस्तिला दी जाती कि अगर बरोज मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिर आपके मजबूरन और फैसला होगा, दाखिल करें। मुहर आदलत के तारीख 14 अगस्त 2025 को जारी किया गया। **उपजिलाधिकारी, न्यायिक**

**कार्यालय ग्रा0पं0 कटिन्ना मानिकपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/ 15वां वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 17/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिन्ना मानिकपुर द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निम्न लिखित विवरण के अनुसार पंजीकृत निविदादाताओ से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18/08/2025 से 24/08/2025 तक की अपरानह 2 बजे तक निविदाए आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/08/2025 को अपरानह 3.00 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी, निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से रुपये 100.00 नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | डामर रोड से नरेन्द्र परिहार के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 1.48 लाख | 2968 | 100 |
| 2- | डामर रोड से संतोष परिहार के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 1.27 लाख | 2536 | 100 |
| 3- | विजय के घर से सुधीर के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 1.53 लाख | 3066 | 100 |
| 4- | सतीश के घर से सुरेन्द्र के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.17 लाख | 6340 | 100 |
| 5 | सुधीर के खेत से रामनिवास के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य | 1.57 लाख | 3148 | 100 |
| 6- | सुरेन्द्र के खेत से अरविन्द के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.98 लाख | 5952 | 100 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान- अनीता यादव ग्रा0पं0 कटिन्ना मानिकपुर, मोहम्मदाबाद सचिव- संदेश कुमार**

# समाजसेविका प्रेमवती गुप्ता की अंतिम यात्रा में दलीय सीमाएं टूटी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, गल्ला आलू व्यापारी संघ व श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता (जॉनी) और वरुण गुप्ता (गोलू) की दादी, समाजसेविका प्रेमवती गुप्ता की अंतिम यात्रा में दलीय और सामाजिक सीमाएं टूट गईं।

97 वर्ष की आयु में, जन्माष्टमी के पावन दिन शनिवार को उनका निधन हो गया। धार्मिक आस्था और समाजसेवा की प्रतीक प्रेमवती के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। रविवार सुबह उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई, जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा विधायक कैलाश राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज



दुबे, उत्तार प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू), किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता (प्रीतू), प्रभाकर गुप्ता, वीर गोयल, प्रियांशु गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे। प्रेमवती के सामाजिक योगदान और धार्मिक कार्यों को याद करते हुए सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

▸ नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

कस्वा समेत आस पास के क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे- छोटे बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाया गया। मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भक्तों की भीड़ देखी गई। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर सजी झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म दिन मनाया। मंदिरों में घंटों की गूंज और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, जयकारे से माहौल भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही व्रत रखने वाले श्रद्धालु सजाने में मशगूल रहे। आधी रात में कान्हा के जन्म पर कस्वे के विभिन्न मंदिर और घरों में पूजा-अर्चना हुई। ज्यों ही रात 12 बजे कान्हा का जन्म हुआ, चारों ओर शंख व घंटों की गूंज ने वातावरण को आनंदित कर दिया। जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण किए बच्चा

## आन बान शान से फहराया गया तिरंगा



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल कॉलेजों मदरसों व सरकारी अर्द्धसरकारी भवनों पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ तिरंगा लहराया गया समधन नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष आसमा बेगम ने झंडारोहण किया इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, बकार ,राजा, अताउल्ला अली के अलावा सभी सभासदगण मौजूद रहे। मोहल्ला सौरखी तरफ मदरसा रफीकुल में आन बान शान से तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर मौजूद मसूद अहमद, हाफिज इसराइल, मुस्तकीम शेख़, फहीम शेख,मुफीस,मुसीर, जफरुद्दीन, युसुफ आदि रहें। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय झूसी नागर में हेड मास्टर शैलेंद्र सिंह यादव, प्रभा सिंह, प्रभाकर, धर्वेन्द्र सिंह यादव ( जिला उपाध्यक्ष ) वंदना, रामादेवी, मंजू , सत्यवती, समस्त ग्रामीणों राघव सिंह, छोटू सिंह , मनीष सिंह, ने पूरे जोश के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रति भाग लिया, प्यारे बच्चों ने कहानी, कविता, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय गान से से सभी का मन मोह लिया, कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान में लड्डू वितरित किए गए , इसीक्रम में प्राथमिक विद्यालय गंगागंज गुरौली में हेड मास्टर सोनपाल (ब्लॉक मंत्री ) ने समस्त स्टाप आशीष कुमार, मोनी देवी के साथ ध्वजारोहण के कार्यक्रम में प्रति भाग लिया, समस्त बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया, जिन बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिससे सभी बच्चे जागरूक हो सके, और समय समय पर प्रति भाग करते रहे।

**ARMY PUBLIC SCHOOLFATEHGARH CANTT (UP)**

Telephone No-7080667367

**TENDER NOTICE**

Tenders are invited for construction work, purchase of Archery Equipment, PA equipment, Sensory Park, Acoustic Paneling in Music & Dance Room, Purchase of 13xIFPs, Beautification of NCC Room and Up-gradation of NCC accessories and other requisites for APS, Fatehgarh Cantt. For details and downloading tender visit school website www.apsfatehgarh.com. Tenders can also be collected from school office on any working day between 1000h to 1400h from 20 Aug 25 to 08 Sep 25 Last date for submission of tender form duly filled is 11 Sep 25 till 1400h.

PRINCIPAL

# सम्मानित किए गए सेवानिवृत वरिष्ठ गुरुजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में आयोजित गुरुजन सम्मान समारोह में सेवानिवृत वरिष्ठ गुरुजन सम्मानित किए गए। प्रबंधक मीनू गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर तथा अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता व पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता ने स्मृति चिह्न भेंट करके मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अर्चना पांडेय, प्रबंधक मीनू गुप्ता व प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने शॉल ओढ़ाकर, सरस्वती चित्र व रामचरितमानस ग्रंथ भेंट कर पूर्व प्रधानाचार्य केशवलाल शर्मा, श्रीकृष्ण शाक्य, नरेंद्र सिंह भदौरिया, केएम शुक्ला,गणेश सिंह सेंगर, उमाशंकर दुबे, चंद्रभान सिंह शाक्य, जगदीश चंद्र सविता, यदुनाथ सिंह वैस, रामशंकर गुप्ता, सोनेलाल पाल, रमाकांत अग्निहोत्री, कमलेश कुमार दुबे, लखन प्रताप सिंह राठौर, राकेश कुमार यादव व मान गुप्ता सहित 17 सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र व मेजर संदीप कुमार माधव ने अर्चना पांडेय को उनके स्वर्गीय पिता सेकंड लेफ्टिनेंट राम प्रकाश त्रिपाठी की एनसीसी कमांडर के रूप में आकर्षक तस्वीर भेंट की, जिसे पाकर वह भावुक हो गई और बताया कि उनके पिता इस विद्यालय में अंग्रेजी प्रवक्ता, प्रधानाचार्य व सहायक एनसीसी अधिकारी (वर्ष 1963 से 1967 तक) थे। प्रख्यात कवि व पूर्व हिंदी शिक्षक श्याम किशोर दुबे,स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह और वेदिका के संचालन में हुए कार्यक्रम में श्रीनारायण गुप्ता, विवेक दीक्षित, वीरेन्द्र कुमार वर्मा , रूपेश खंडेलवाल, रामजीत, वीर प्रताप, हेमलता सहित समस्त स्टाफ , छात्र छात्राएं, एनसीसी कैडेट व स्काउट्स उपस्थित रहे।

## संजीव श्रीवास्तव बने प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कान्यकुब्ज प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष पद के लिए नगर पालिका सभागार में आयोजित मतदान में संजीव श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 38 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी दिलीप कश्यप को 22 मत मिले, जबकि तीन मत निरस्त हुए। मतदाता सूची के सभी 63 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले महामंत्री पद पर विजय सिंह चौहान और कोषाध्यक्ष पद पर विकास शुक्ला उर्फ सुजुकी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव प्रक्रिया कन्नौज से आए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन डा. अरुण तिवारी, चुनाव अधिकारी अनिल दुबे उर्फ तपन एडवोकेट, शुभेन्द्र दुबे एडवोकेट, और श्वेतांक तिवारी एडवोकेट ने संपन्न कराई। पर्यवेक्षक अमित कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विमलेंद्र बघेल, जिला महामंत्री राजीव नयन त्रिपाठी, तहसील एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश उपाध्याय और दिलीप सिंह बिष्ट की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान और मतगणना हुई। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

**पत्रांकः-527/ओ0एस0/2025-26 दिनांकः 14 अगस्त 2025**

**-: अपील-**

**स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं निम्नलिखित अपील करती है कि :-**

- स्वच्छ भारत मिशन के अनतर्गत नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
- नगर के विकास हेतु समय पर ग्रहकर/जलकर जमा करें।
- गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र करें एवं गीले कूड़े से घर पर ही खाद बनायें।
- प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं नगर को पॉलीथीन मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं उपयोग/भण्डारण पर रू0 25,000/-(रूपये पच्चीस हजार मात्र) तक जुर्माने का प्रावधान है।
- नलों की टोटियाँ खुली न छोड़ें एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन करें।
- अपने पालतू जानवरों को सड़क पर खुला न छोड़ें।








**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**(वत्सला अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

# जन्माष्टमी पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




सेंट पॉल विद्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडारोहण समारोह के साथ जन्माष्टमी पर्व का उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। बच्चों ने गीत, नाटक, नृत्य और संगीत के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शन कर देश के प्रति प्रेम, श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत किया। साथ ही, जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी बाल लीलाओं और जीवन की प्रमुख घटनाओं को नृत्य के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, नौसेना में कार्यरत विद्यालय की पूर्व छात्रा आरजू चौहान ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय को दिया। प्रधानाचार्य फादर संथोष सेलिस्टिन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अभिभावकों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विद्युत केबिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिरों को पकड़ा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** विद्युत केबल चोरी की वारदात को विभिन्न स्थानों पर अंजाम देने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, शेखर सैनी सहित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से रोहित (27) पुत्र लक्ष्मी नारायण दोहरे, छोटे सिंह (25) पुत्र स्व. बारेलाल उर्फ बांकेलाल, शेर सिंह उर्फ शेरा (32) पुत्र स्व. राम किशनू निवासीगण ग्राम सहिल्लापुर, थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 207.900 किलोग्राम विद्युत केबिल (तार) 9 बोरों में बरामद की गई।

# धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस



**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। विद्यालय की संस्थापिका ज्ञानप्रभा देवी व प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद माँ सरस्वती व भारत माता के चित्रों पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर विद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर आये हुए अतिथियों का मन मोह लिया, तो वहीं नन्ने मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर नृत्य, कविताएँ, भाषण आदि प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों का फूल मालाएँ पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज की नई पीढ़ी आजादी के महत्व को भूलती जा रही है। शिक्षकों व अभिभावकों का दायित्व है कि इस नई पीढ़ी को देश की आजादी के महत्व को समझायें और इस आजादी के लिए किसने क्या-क्या कुर्बानियाँ दीं उनके बारे में विस्तारपूर्वक समझायें। नई नई तकनीकि के इस युग में आज की पीढ़ी हमारी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है, इसलिए शिक्षकों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक वीरेन्द्र सिंह, सरनाम सिंह, मो0 हलीम, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, मनीष शर्मा, दुर्गेश दुबे, ऋषभ तिवारी, आशीष कुमार, धीरेन्द्र कुमार, एजाज सिद्दीकी, अमन कुमार, संजीव कुमार, रंजीत कुमार, फूल मोहम्मद, अमन यादव, सचिन कुमार, पंकज पाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएँ तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# फरेन्दा के जनपद बनने से मिलेगी विकास की संजीवनी

**फरेन्दा तहसील क्षेत्र को अब भी है विकास की दरकार**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेन्दा तहसील क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन व बन्दन करते हुए फरेन्दा तहसील क्षेत्र पर विकास व विभिन्न क्षेत्रों को लेकर समर्पित लिखा गया लेख फरेन्दा तहसील क्षेत्र का इतिहास पूर्व के गोरखपुर जनपद वर्तमान में महाराजगंज जनपद का हिस्सा है। पूर्व के समय में वन सम्पदा यातायात व्यवस्था एवं उद्योग कृषि सहित शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकसित क्षेत्र था। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि फरेन्दा क्षेत्र में चल रही गणेश शुगर चीनी मिल व वन विभाग का वन क्षेत्र तथा आनन्दनगर रेलवे स्टेशन एवं शुगर मिल के मालिक द्वारा जयपुरिया इंटर कालेज एवं जूनियर कालेज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में थे। फरेन्दा आजादी के पहले से ही काफी संपन्न क्षेत्र था। कृषि क्षेत्र में भी फरेन्दा मिनी पंजाब कहा जाता था। यहां पर सभी फसलें मिट्टी व भौगोलिक क्षेत्र के कारण काफी पैदा होती है। विशेष रुप से गन्ना और धान मुख्य पैदावार रहा। वर्तमान में लगभग दो दशक पूर्व से जब से गणेश शुगर मिल बंद हुआ उसी के बाद से उद्योग के क्षेत्र में फरेन्दा काफी पिछड़ गया है। यहां पर जो बस स्टेशन किराये के मकान में चल रहा था यहां यात्रियों को बैठने व टिकट मिलने सहित पानी पीने शौचालय की सुविधा मिलती थी वह भी नदारद हो चुकी है।

यात्री घंटों अपने परिजनों के साथ सड़क पर खड़े होकर ठंडक, गर्मी, बरसात में यात्रा करने को मजबूर है। महराजगंज जिला मुख्यालय रेल तेजी मार्ग से जोड़ने के लिए तीन चार दशको से चल रहा प्रयास अब सफल होता नजर आ रहा है आनन्दनगर से घुघली तक रेललाइन निर्माण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसमें भूमि अधिग्रहण सहित तमाम कार्य प्रगति पर है। शिक्षा क्षेत्र में फरेन्दा में काफी से इण्टर कालेज महाविद्यालय पीजी कालेज सहित तकनीकी विद्यालय भी काफी खुले है। वहीं चिकित्सा के क्षेत्र में फरेन्दा काफी पीछे अब भी है यहां पर महिलाओं के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था न ही सरकारी अस्पताल में है न ही अभी किसी नर्सिंगहोम में है जहां सेंटर जैसा सुविधा मिल सके, सीएचसी तो है लेकिन सभी जांच उपकरण मौजूद होते हुए भी तकनीकी सहायक, रेडियोलजिस्ट न होने से सभी आधुनिक मशीने चिकित्सक है वह भी फरेंदा में रात्रि निवास नहीं करते हैं और ड्यूटी के समय भी लगभग नदारद ही रहते हैं। नगर पंचायत आनन्दनगर का विस्तार हो गया है और जिसकी कमान जनता ने विजय लक्ष्मी जायसवाल को सौंप दी है। पूर्व मंत्री श्यामनारायन तिवारी, तथा पूर्व सांसद व विधायक स्व. हर्षवर्धन सिंह की भूमिका फरेन्दा के विकास में प्रमुख रूप से रही है। पूर्व विधायक विनोद मणि द्वारा राजकीय कन्या इण्टर कालेज का जीर्णोद्धार कर बहुत बड़ी बिल्डिंग का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्व विधायक बजरंग चहादुर सिंह के प्रस्ताव पर फरेन्दा में स्टेडियम तथा जाम समस्या से निपटने के लिए डिवाइडर लगाकर सड़क चौड़ीकरण लगभग पूरे नगर के मुख्य मार्ग का कराया गया है। फरेन्दा ब्लाक क्षेत्र में भी काफी विकास पूर्व ब्लाक प्रमुख रामप्रकाश सिंह के नेतृत्व में निरन्तर किया जा रहा है। फरेन्दा में भीमसेन गौतम के देख रेख में डा. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय महाअभियान चलाया जा रहा है जो आने वाली पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित हो गा। समाजसेवी तत्सत मणि के द्वारा सेवा के क्षेत्र में समाज के बीच अग्रणी भूमिका निभाया जा रहा है। उन सभी हो रहे विकास के अलावा जो सबसे जरूरी व महत्वपूर्ण कार्य है बेरोजगारो को रोजगार देने के लिए बंद पड़ी फरेन्दा चीनी मिल का चलना या कोई दूसरा उद्योग लगना ताकि यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। यात्रियों के सुविधा के लिए रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण होना जैसी तमाम परियोजनाओं पर कार्य न होना फरेन्दा को काफी पीछे धकेल रहे हैं जबकि जनपद में केंद्रीय मंत्री जैसा पद होरा गौरव की बात है। उनसे यहां की जनता का पिकास के लिए आस लगाये बैठना कि अब इस क्षेत्र के उपरोक्त सारे कार्य सम्पूर्ण हो जायेंगे। हालांकि रेल लाइन निर्माण में उनकी भूमिका प्रमुख है। फरेन्दा क्षेत्र एक नये जनपद को बनाने के लिए मानकों को भी पूरा कर रहा है। महराजगंज जनपद के सटे गोरखपुर से मुख्यमंत्री का पद होना गौरव की बात है। लोगों का कहना है, कि मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र महाराजगंज भी है लोग बड़ी आस लगाये हुए है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में फरेन्दा जनपद कब घोषित होगा?

## जियो बीपी (रिलायंस) पेट्रोल पंप ने पेट्रोल के दाम घटाये

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बढ़ते तेल के दामों को देखते हुए बाईपास स्थित एनजी फिलिंग सेंटर के जियो पेट्रोल पंप ने पेट्रोल एक रुपया प्रति लीटर दाम घटाया है। अन्य कंपनियों के मुकाबले रिलायंस का पेट्रोल अपनी क्वालिटी के लिए जाना जाता हैं। ग्राहक भी अपना विश्वास बनाए हुए हैं। महंगा पेट्रोल होने के कारण रिलायंस पंप ने आम जनमानस का विशेष ध्यान रखते हुए पेट्रोल के दाम एक रूपया घटा दिए हैं। रिलायंस अब अन्य पेट्रोलियम कंपनियों से कम में ग्राहकों को देगा साथ ही अन्य कंपनियों के मुकाबले रिलायंस का पम्पअपने ग्राहकों का विशेष ध्यान रखता है। बताया जा रहा कि महंगा पेट्रोल होने के कारण ग्राहकों को काफी दिकत हो रही थी जिसको देखते हुए दाम घटाये गए हैं। तेल बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनी ने दाम घटाने का निर्णय लिया है। रिलायंस का पेट्रोल केवल स्पीड वर्ग में ही बिकता है। एनजी फिलिंग सेंटर रिलायंस पेट्रोल पंप के स्वामी उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने तेल के दाम एक रुपये कम किए हैं।

# स्वर्ण व्यवसाईयों के द्वारा मिश्रित धातुओं से सोने की होती है कालाबाजारी




**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सहजनवा तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा बाजार, व नगर पंचायत सहजनवा में दर्जनों से अधिक संख्या में बिना हॉल मार्क के आम नागरिकों के साथ किया जाता है भारी ठगी वही वीना लाइसेंस का दर्जनों अधिक सोने चांदी के आभूषणों की दुकानों को खोलकर लगातार आम नागरिकों को अच्छा खासा चूना लगाया जाता है शादी विवाह के मौसम आते ही सोने चांदी की बिक्री तेजी से शुरू हो जाती सोने के आभूषण खरीदने के लिए लोगों का दुकानों पर भीड़ जमा हो जाता। लेकिन होता कुछ ऐसे है दुकानदार बड़े आसानी से नकली सोना बेचने में सक्षम दिखाई देते है क्योंकि सोने की असली नकली की पहचान दुकानदार के सिवा आम जनता कर नहीं पाती नतीजा इसी का फायदा स्वर्ण व्यावसायिक द्वारा तेजी से उठाया जाता है। हालांकि अधिकतर स्वर्ण व्यवसाईयों के द्वारा कस्टमरों से यह कहा जाता है शुद्ध प्योरिटी वाला सोना है। जबकि 18 और 22 कैरेट के सोने ही मार्केट में सही रूप से उपलब्ध हो पता वही देखा जाए हर रोज़ सैकड़ो लोग सोने की खरीदारी करते है। लेकिन उनके साथ भी मिलावटी धातु की सोने शुद्ध प्रवृत्ति के नाम बताकर माला पहना दिया जाता हैं इतना ही नहीं।

सोने का काला बाजारी का सच

सोने का काला बाजारी, या अवैध सोने का व्यापार, एक वास्तविक समस्या है जो कई शहरों में मौजूद है। यह हैं, जो सोने को , सूत्रों की जानकारी के अनुसार नकली सोना, या कम कैरेट का सोना, असली सोने के रूप में बेचा जाता है, जिससे खरीदार को नुकसान होता है। नकली सोना अक्सर असली सोने की तुलना में बहुत कम शुद्ध होता है, और इसमें अन्य धातुएं शामिल हो सकती हैं सोने की शुद्धता के बारे में एक ऑनलाइन स्रोत के अनुसार। नकली सोने की पहचान करना मुश्किल हो सकता है, खासकर जब यह अच्छी तरह से बनाया गया हो सोने की कीमतों में हेरफेर में सोने की कीमतों को कृत्रिम रूप से बढ़ाना या घटाना शामिल है यह आमतौर पर बड़े पैमाने पर खरीदारों या विक्रेताओं द्वारा किया जाता है, जो बाजार में सोने की आपूर्ति या मांग को प्रभावित करते हैं कीमतों में हेरफेर से निवेशकों को नुकसान हो सकता है और बाजार में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

**काला बाजारी के खतरे:** काला बाजारी से न केवल खरीदारों और विक्रेताओं को नुकसान होता है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था के लिए भी हानिकारक हो सकता है। काला बाजारी से सरकार को करों और शुल्कों का नुकसान होता है। यह संगठित अपराध और भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा दे सकता है. सोने की काला बाजारी को रोकने के उपाय जिम्मेदारों को तत्काल करनी चाहिए और इस तरह से कालाबाजारी करने वाले स्वर्ण व्यवसाईयों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए सोने की तस्करी और नकली सोने की बिक्री को रोकने के लिए सीमा शुल्क और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करना आवश्यक है कुछ ऑनलाइन स्रोतों के अनुसार सोने की शुद्धता की जांच के लिए हॉलमार्किंग जैसी प्रणालियों को लागू करना महत्वपूर्ण है। सोने के बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए उपाय करना आवश्यक है। सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना भी महत्वपूर्ण है ताकि लोग सोने की खरीददारी करते समय सतर्क रहें और नकली या कम गुणवत्ता वाले सोने से बचें अब देखना यह है फर्जी स्वर्ण व्यवसाईयों के खिलाफ जिम्मेदार कोई ठोस कदम उठाते हैं या फिर इनके हौसले दिन प्रतिदिन ऐसे ही बुलंद रहेंगे और यह बाजार में नकली सोने धड़ल्ले से भेजने में सफ़ल रहेंगे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
MANISH DIAGNOSTIC & PATHOLOGY CLINIC
मनीष डायग्नोस्टिक एण्ड पैथालाजी क्लीनिक
(सम्पूर्ण कम्प्यूटरीकृत सेन्टर)
Opp.Bankati C.H.C.Anandnagar
Distt-Maharajganj
प्रो.मनीष
PR.517
बनकटी (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने) नौतनवां रोड आनन्दनगर- महराजगंज। मो. 9839973018

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रेश उपाध्याय
अधिशाषी अभियंता विद्युत विद्युत वितरण खण्ड
आनन्दनगर, महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कालेज परिवार की ओर से सभी छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. फूलचन्द यादव (प्रबन्धक)
डा. दीपक सहानी - प्राचार्य
झिनकी देवी स्मारक पीजी कालेज एवं आईटीआई फरेन्दा
आनन्दनगर महराजगंज उ.प्र.
PR.516

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्रामवासियों को हार्दिक शुभाकामनाएं
PR.525
सरोज देवी - ग्राम प्रधान
मनोज कुमार
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि -परसाबेनी
विकास खण्ड-फरेन्दा महराजगंज
विकास ग्राम पंचायत अधिकारी - परसाबेनी

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभाकामनाएं
बेचन निषाद
ग्राम प्रधान - पचुरुखी
विकास खण्ड - फरेन्दा
जनपद - महराजगंज
PR. 527
पूर्व विधान सभा प्रत्याशी फरेन्दा महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गौतम पटवा
सभासद
वार्ड नं.7 औद्योगिक नगर आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर
PR.541

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्रामवासियों व शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनाएं
साधूशरण
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
पिपरा विश्म्भरपुर
PR.522
विन्द्रावती
ग्राम प्रधान-पिपरा विश्म्भरपुर
वि.खण्ड-फरेन्दा, महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फरेन्दा क्षेत्र के सभी सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ पाण्डेय
कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी
उत्तर प्रदेश ठेकेदार कल्याण समिति जिला इकाई निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग
महराजगंज
PR. 544
समाजसेवी/युवा नेता
315 फरेन्दा विधान सभा, महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
V.P.EDUCATIONAL ACADEMY
Dhani Dhala
Anandnagar
English medium
CBSE Board 10+2
Manoj Kumar Pandey Jitendra Giri
Director PR.520 Principal

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ आनन्दराम जैपुरिया इण्टर कालेज आनन्दनगर जनपद महराजगंज
शाकिर हुसैन
प्रधानाचार्य
PR. 530
शैलेन्द्र अग्निहोत्री
सचिव

स्वतंत्रता दिवस , श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व तीज के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभाकामनाएं
PR.529
तत्सत मणि त्रिपाठी
संस्थापक अध्यक्ष
तविन फाउण्डेशन नई दिल्ली
सेवा के क्षेत्र में समाज के बीच अग्रणी भूमिका निभा रहा तविन फाउण्डेशन नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर एवं पैथालोजी सेन्टर
बैंक रोड आनन्दनगर
जनपद- महराजगंज
डा. ए.के. श्रीवास्तव
PR.539

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामप्रताप यादव
ग्राम प्रधान - अलहदिया महदेवा
विकास खण्ड - फरेन्दा
जनपद - महराजगंज
ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष
विकास खण्ड-फरेन्दा, महराजगंज
PR.534

स्वतंत्रता दिवस , श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व तीज के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभाकामनाएं
उद्योग व्यापार मण्डल आनन्दनगर
अमित गुप्ता - जिला उपाध्यक्ष महराजगंज
PR.528
संजय कुमार टिबड़ेवाल नगर अध्यक्ष आनन्दनगर
अमित हीरो बाइक एजेंसी पुराना पेट्रोल पम्प के सामने आनन्दनगर , महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकास खण्ड फरेन्दा के समस्त रोजगार सेवकों को हार्दिक शुभकामनाएं
PR. 535
संतोष कुमार दूबे
अध्यक्ष
ग्राम रोजगार सेवक संघ
विकास खण्ड - फरेन्दा
जनपद - महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्नी देवी
ग्राम प्रधान सिधवारी (माता)
गंगाराम यादव
प्रधान प्रतिनिधि - सिधवारी
विकास खण्ड -फरेन्दा, महराजगंज
PR. 533
गंगाराम यादव
प्रदेश सचिव समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार जायसवाल
PR. 513
आनन्दनगर इण्डेन गैस सर्विस
नौतनवां रोड आनन्दनगर, जनपद-महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लालबहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कालेज आनन्दनगर महराजगंज
डा. राम पाण्डेय
प्राचार्य
PR. 531
डा. बलराम भठ्ठ
प्रबन्धक

स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फरेन्दा विधान सभा व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
द- ग्रीन वैली होटल एण्ड रिसोर्ट
फरेन्दा बाईपास आनन्दनगर
विनोद चौधरी
पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष
क्षेत्र पंचायत - फरेन्दा
एवं
एमडी द-ग्रीन वैली होटल रिसोर्ट एण्ड मैरेज लान
फरेन्दा जनपद- महराजगंज
PR. 532
एक बार सेवा का अवसर प्रदान करें

स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामप्रकाश सिंह
पूर्व प्रमुख,/पूर्व प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष/, वरिष्ठ सपा नेता
अतुल कुमार
खंड विकास अधिकारी
रामसंत
वरिष्ठ लेखाकार
विकास खंड फरेंदा, महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
परमात्मा अग्रहरि
प्रबंधक/वरिष्ठ भाजपा नेता
महेशराम अशोक कुमार कन्या इंटर कालेज,कानापार, धानी बाजार, महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नवजीवन मिशन स्कूल परिवार आनन्दनगर की तरफ से छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं
PR. 538

# डॉ. सविता मेमोरियल में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



डॉ0 सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुति कर पूरे माहौल को देशभक्तिमय कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश सिंह ने मुख्य अतिथि बीएचयू पर्यटन विभाग के प्रो अनिल कुमार सिंह को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। ध्वजारोहण के बाद बच्चो द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गयी।

मुख्य अतिथि ने सफेद कबूतर उड़ा कर बच्चो को शांति का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने अपने उदबोधन में बच्चों को जीवन जीने की शैली पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्र जीवन में अध्यन करने के तरीके के साथ ही तकनीकी ज्ञान की ओर बढ़ने के तरीके बताए। बच्चो ने द्रौपदी चीरहरण नृत्य,गोपीराधा कृष्ण नृत्य के साथ ही भारत माता थीम पर बने नाटक का शानदार मंचन किया। छात्राएं कशिश सिंह व जागृति सिंह ने अपने भाषण में स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ वेद प्रकाश ने कविताओं के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में बताया उन्होंने आये सभी अतिथियों, शिक्षकगण व अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई ज्ञापित की। विद्यालय के निदेशक डॉ तेजबली सिंह ने बच्चों को देशप्रेम की भावना विकसित करने के साथ ही खेलकूद की ओर अग्रसर होने को कहा। कार्यक्रम का संचालन शिवम पाल व वर्षु साहू ने किया।

इस दौरान माया सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, प्रशांत कुमार बोस, कमलेश सिंह, प्रियंका गुप्ता, कौशिकी सिंह, रश्मि वर्मा, नीतू श्रीवास्तव, हरिशंकर प्रजापति, पूजा दुबे, अनुराग गुप्ता, अनुराग सिंह, अरविंद मौर्या, जगदीश सिंह दीपक सिंह, सहित शिक्षकगण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर।

पत्रांक-736/सा0प्रशा/अ0अ0 / न0पा0प0सी0/2025-26 दिनांकः 12 अगस्त, 2025

**15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के राष्ट्रीय पर्व पर नगर वासियों को हार्दिक बधाई**

**79वें स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर नगर पालिका परिषद सीतापुर अपने नगर निवासियों से अपील करती है कि**

1 घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सुखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
2 आप अपने घर में एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला जिले में अवश्य रखें।
3 नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय / यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयों का सदैव प्रयोग करे, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
4 सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दें, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है।
5 पालीथिन का प्रयोग / विक्रय करते हुये पाये जाने पर रु.-50,000.00 तक जुर्माना का प्राविधान है।
6 अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बांधे।
7 चाय की बिक्री में कॉच के ग्लास में कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
8 मार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
9 जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
10 बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
11 जल का दुरुपयोग रोके जाने हेतु नलों की टोटी खुली न छोड़ें।
12 डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुंच रहे हैं, कृपया अपना कूड़ा अलग-अलग कर उन्हें दें। सड़क या नाली में न फेकें।

**उपलब्धियां**

1 वन्दन योजना के अन्तर्गत लालबाग शहीद पार्क का सौन्दर्यकरण कराया जा रहा है।
2 सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में आर0सी0सी0 कवर्ड नाला निर्माण का कार्य।
3 वन उपवन योजना अन्तर्गत विजवार खुर्ट में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है।
4 पंडित दीन दयाल योजना अनार्गत विभिन्न वार्डों में आवागमन हेतु गढ़क नोली निर्माण कार्य।
5 झील-पोखर योजना अन्तर्गत लक्ष्मनपुर तालाब, कुद्धया तालाब का सौन्दर्याकरण का कार्य।
6 अमृत 20 के अन्तर्गत बिजवार खुर्द में अमृत सरोवर का सौन्दर्गीकरण कार्य कराया जा रहा है।
7 शहर के लालबाग चौराहा एवं अहिल्या बाई चौक का सौन्दर्थीकरण का कार्य।
8 बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के अन्तर्गत गाँधी पार्क के पास एवं बहुगुणा चौराहे के पास सेल्फी प्वाइंट का कार्य।
9 स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सौर्वजनिक शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय, पिंक टॉयलेट, एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण का कार्य।
10 मा0 मुख्यमंत्री जी उ. प्र. के निर्देशानुसार सरायन नदी का पुनरोद्वार एवं साफ-सफाई का कार्य एवं एक पेड़ मॉ के नाम वृक्षारोपण महाअभियान का कार्य।
11 मछली मण्डी में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य।
12 जल ही जीवन योजना के अन्तर्गत हर घर जल कनेक्शन का कार्य।
13 रोड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।
14 प्रकाश व्यवस्था हेतु पूरे नगर के समस्त पोलों पर तिरंगा रोप लगायी गयी है तथा पूरे नगर में लाइटें लगायी गयी हैं, तथा पूरे नगर में सभी खम्भों पर लाइटों की मरम्मत भी करा दी गयी है।
15 पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर, हैण्डपम्प रिबोरिंग आदि का कार्य कराया गया तथा नये मिनी नलकूप बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य कराया गया।

**(वैभव त्रिपाठी)**
**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
**नगर पालिका परिषद**
**सीतापुर।**

**(नेहा अवस्थी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सीतापुर।**

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर।

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

कुशल मैरिज लॉन एवं कुशल ट्रांसपोर्ट
एनटीपीसी रोड ऊंचाहार रायबरेली
प्रो. कुशल जायसवाल

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. यशवीर सिंह
पुलिस अधीक्षक
रायबरेली

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




हर्षिता माथुर
जिलाधिकारी
रायबरेली

स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शभकामनाएं

विमल किशोर
उच्च श्रेणी सहायक
भारतीय जीवन बीमा
निगम सीतापुर



स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को हार्दिक शभकामनाएं

विमल कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
बिसवां सीतापुर





## कार्यालय नगर पंचायत भगवन्तनगर-उन्नाव



Office Email ID- nppbhagwantnagar@gmail.com

पत्रांकः- मेमो/न.पं.भ.नगर/विज्ञा./2025-26 दिनांकः- 13/08/2025

अध्यक्ष नगर पंचायत भगवन्तनगर की ओर से

स्वतंत्रता दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें ।
3. सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़क आदि पर अतिक्रमण न करें।
4. सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
5. मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़-छाड़ न करें।
6. पालीथीन का प्रयोग न करें।
7. नलों को खुला छोड़कर पानी बेकार ने करें। जल अमूल्य है।
8. छः वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य करायें।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
10. नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
11. जितना संभव हो सके अपने आस-पास वृक्ष एवं पौधे लगवायें और वातावरण को हरा भरा रखें।
12. अनावश्यक तरह के वृक्षों को न काटे, वृक्ष हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है।
13. निकाय के करों (जलमूल्य, गृहकर आदि) के करों का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
14. डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों के गाडी में गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।

प्रदीप कुमार पांडेय
(अधिशासी अधिकारी)



आशीष कुमार शुक्ला (रिंकू)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवंतनगर